RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर


"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः89 , बुधवार, 13 मई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से मिला परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल 03


अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित 04

'इश्क दम और इडली रसम' में दिखेगा प्यार और संस्कृति का मेल 07


## संक्षिप्त समाचार

### असम-अमेरिका के बीच 'विन-विन' साझेदारी !

#### सीएम हिमंता के शपथ ग्रहण समारोह में अमेरिकी राजदूत ने लगाए चार चांद

**दिसपुर (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरी बार शपथ लेने वाले मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण समारोह में अमेरिकी राजदूत की मौजूदगी ने भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर नई चर्चा शुरू कर दी है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने गुवाहाटी पहुंचकर शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर असम और अमेरिका के बीच बढ़ते कारोबारी रिश्तों की खुलकर तारीफ की। सर्जियो गोर ने



अपने पोस्ट में लिखा कि उन्हें गुवाहाटी आकर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि अमेरिका और असम के बीच पहले से कई व्यापारिक संबंध हैं और एक बार फिर मुख्यमंत्री बने हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में दोनों देशों के लिए 'विन-विन' अवसरों को फिर बनाया जाएगा।

**ईस्ट भारत पर बढ़ रहा ग्लोबल फोकस-** पिछले कुछ सालों में असम और पूरे पूर्वोत्तर भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में बड़े निवेश हुए हैं। केंद्र सरकार ने एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत इस क्षेत्र को साउथ-ईस्ट एशिया से जोड़ने की रणनीति पर तेजी से काम किया है। यही वजह है कि अमेरिका साथ है।

### अब मंदिरों और स्कूलों के आसपास शराब के ठेके बंद

- तमिलनाडु के सीएम जोसफ विजय का बड़ा ऐलान, ऐक्शन मोड में

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही सी जोसेफ विजय ऐक्शन मोड में हैं। उन्होंने बड़ा आदेश देते हुए कहा है कि पूजा के स्थलों, स्कूलों और बस अड्डों के आसपास 500 मीटर के दायरे में सभी शराब की सरकारी दुकानें तत्काल बंद कर दी जाएं। तमिलनाडु में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही सी जोसेफ विजय ऐक्शन मोड में हैं। उन्होंने बड़ा आदेश देते हुए कहा है कि पूजा के



स्थलों, स्कूलों और बस अड्डों के आसपास 500 मीटर के दायरे में सभी शराब की सरकारी दुकानें तत्काल बंद कर दी जाएं। सख्त आदेश जारी करते हुए विजय ने कहा है कि यह फैसला दो हफ्ते के अंदर ही लागू होगा। बता दें कि मुख्यमंत्री बनते ही मंच पर ही उन्होंने अपने वादों को पूरा करने के लिए तीन फैसलों पर साइन कर दिए थे। पहला आदेश 200 यूनिट फ्री बिजली देने को लेकर था। दूसरा आदेश महिलाओं की सुरक्षा के लिए स्पेशल टास्क फोर्स गठित करने और तीसरा नशे की सस्या से निपटने के लिए हर जिले में विशेष फोर्स का गठन करना था। सोमवार को ही सीएम विजय समेत सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने विधानसभा में शपथ ली है। सबसे पहले मुख्यमंत्री विजय ने विधायक के रूप में शपथ ली।

## सीजेआई सूर्यकांत बदलेंगे अदालतों का ढांचा

- सुप्रीम कोर्ट का मास्टर प्लान ! चीफ जस्टिस ने बनाई कमेटी

### अदालतों में बुनियादी ढांचे और तकनीक को सुधारने की तैयारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने देशभर की अदालतों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और न्यायपालिका के लिए बड़े पैमाने पर सरकारी फंडिंग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर एडवाइजरी कमेटी का गठन किया है। यह समिति अदालतों की मौजूदा जरूरतों का आंकलन कर एक राष्ट्रीय रोडमैप तैयार करेगी। 8 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट के सेक्रेटरी जनरल भारत पाराशर द्वारा जारी ऑफिसियल कम्युनिकेशन के मुताबिक समिति को देशभर की अदालतों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, तकनीकी जरूरतों और प्रशासनिक चुनौतियों का अध्ययन कर सिफारिशें देने का जिम्मा सौंपा गया है। समिति न्यायपालिका के लिए 40,000 करोड़ रुपये से 50,000 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता का प्रस्ताव तैयार करेगी।

**सुप्रीम कोर्ट जज की अध्यक्षता में बनी समिति-** यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अरविंद कुमार होंगे।

- **ई-कोर्ट्स और आधुनिक सुविधाओं पर जोर-** समिति अदालतों में न्यायाधीशों, कर्मचारियों, वकीलों, वादकारियों और विजिटर्स के लिए बेहतर सुविधाओं पर भी सुझाव देगी। इसका प्रमुख फोकस तकनीकी ढांचे के विस्तार, सूचना के तेज आदान-प्रदान और मामलों के निपटारे में देरी कम करने पर रहेगा। समिति ई-कोर्ट्स परियोजना के तहत अदालतों के अधिक कंप्यूटरीकरण, नागरिक-केंद्रित सेवाओं के विस्तार, डिजिटल डिवाइड कम करने और आधुनिक कोर्ट कॉम्प्लेक्स विकसित करने के उपाय भी सुझाएगी।

## अब फ्लाइट से सफर नहीं कर पाएंगे महाराष्ट्र के मंत्री

- पीएम की अपील के बाद सीएम फडणवीस का ऐक्शन



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की मंजूरी के बिना अब महाराष्ट्र के किसी भी मंत्री को सरकारी विमान या चार्टर्ड विमान का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। राज्य सरकार की ओर से इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा खर्च नियंत्रण और ईंधन बचत पर जोर दिए जाने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने भी इस दिशा में कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, मंत्रियों की हवाई यात्राओं पर नियंत्रण रखने के लिए नई प्रशासनिक प्रक्रिया लागू की गई है। इसके तहत किसी भी मंत्री या वरिष्ठ अधिकारी को सरकारी विमान का उपयोग करना हो तो पहले मुख्यमंत्री कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय की मंजूरी मिलने के बाद ही विमान उपलब्ध कराया जाएगा।

**पीएम मोदी की अपील के बाद तेज हुई कार्रवाई-** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में ईंधन बचत, सरकारी खर्च में कटौती और संसाधनों के जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग की अपील की थी।

# नीट का पेपर लीक, रद्द हुई परीक्षा

- देश के 23 लाख स्टूडेंट बैठे थे ,अब सीबीआई जांच करेगी
- गेस पेपर की थी चर्चा, गिरफ्तारियों के बाद लिया बड़ा फैसला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 रद्द कर दी गई है। 3 मई को जब परीक्षा खत्म हुई, तब लाखों छात्र राहत महसूस कर रहे थे। लेकिन कुछ ही दिनों बाद सोशल मीडिया पर गेस पेपर और पेपर लीक की चर्चाएं तेज होने लगीं। शुरुआत में इसे अफवाह माना गया लेकिन फिर राजस्थान से गिरफ्तारियों और हिरासत की खबरें आने लगीं। मामला इतना बढ़ा कि अब पूरी परीक्षा ही रद्द करनी पड़ी। करीब 22 लाख छात्रों ने इस परीक्षा में हिस्सा लिया था। ऐसे में परीक्षा रद्द होने छात्रों में मायूसी जरूर है। लेकिन बच्चों के भविष्य के लिए यह जरूरी था।

- **पहले एनटीए ने दी थी सफाई, कहा-सब कुछ सुरक्षित था-** विवाद बढ़ने के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए सामने आई और उसने दावा किया कि नीट यूजी 2026 को फुल सिक्योरिटी प्रोटोकॉल के तहत कराया गया था। एजेंसी ने कहा कि इस बार सुरक्षा के लिए हाई-टेक इंतजाम किए गए थे ताकि किसी भी तरह की नकल या पेपर लीक रोका जा सके। एनटीए के मुताबिक प्रश्न पत्र जीपीएस ट्रैकिंग वाले वाहनों से भेजे गए थे। हर पेपर पर यूनिक वॉटरमार्क आइडेंटिफायर लगाया गया था ताकि लीक होने पर तुरंत स्रोत पकड़ा जा सके। परीक्षा केंद्रों पर एआई आधारित सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन और 5 जी जैमर जैसी तकनीकों का इस्तेमाल किया गया था। एजेंसी का दावा था कि परीक्षा पूरी तरह सुरक्षित रही और किसी तरह की इलेक्ट्रॉनिक चीटिंग की संभावना नहीं थी।
- **फिर अचानक बदल गया पूरा मामला-** एनटीए के मुताबिक 7 मई की देर शाम उसे कुछ संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली। अगले ही दिन यानी 8 मई को ये इनपुट दूसरी केंद्रीय एजेंसियों को भेज दिए गए। इसके बाद राजस्थान की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप यानी एसएजी ने जांच शुरू की और कई लोगों को हिरासत में लिया। धीरे-धीरे सामने आया कि परीक्षा से पहले कथित गेस पेपर कुछ लोगों तक पहुंचा था।
- **जांच में सामने आए दो बड़े शक-** जांच एजेंसियां फिलहाल दो संभावित रास्तों की जांच कर रही हैं। पहला शक यह है कि पेपर प्रिंटिंग के दौरान लीक हुआ। दूसरा शक पेपर सेटिंग से जुड़े लोगों पर है। सूत्रों के मुताबिक कुछ जगहों पर हाथ से लिखा हुआ प्रश्न पत्र जैसा मटेरियल मिला है। इससे जांच एजेंसियों को शक हुआ कि पेपर प्रिंटिंग स्टेज पर ही बाहर निकाला गया हो सकता है। अगर ऐसा साबित होता है तो यह बड़ी चूक मानी जाएगी।

### अब दोबारा परीक्षा होगी

एनटीए ने साफ कर दिया है कि छात्रों को फिर से आवेदन नहीं करना होगा। पुराना रजिस्ट्रेशन डेटा ही इस्तेमाल किया जाएगा। जिन परीक्षा केंद्रों का चयन पहले हुआ था, वे ही मान्य रहेंगे। एजेंसी ने यह भी कहा है कि दोबारा परीक्षा के लिए कोई अतिरिक्त फीस नहीं ली जाएगी और पहले जमा फीस वापस की जाएगी। नए एडमिट कार्ड बाद में जारी किए जाएंगे। फिलहाल नई परीक्षा तारीख का इंतजार किया जा रहा है।

## विजय के बहुमत के लिए एआईएडीएमके में बगावत

### पलानीस्वामी के जिगरी दोस्त सीवी शनमुगम ने कर दिया खेल

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में टीवीके चीफ जोसेफ विजय के मुख्यमंत्री बनने के बाद सबसे बड़ा सियासी खेला सामने आया है। एआईएडीएमके के सर्वेसर्वा एडप्पाडी के. पलानीस्वामी के जन्मदिन पर उनके जिगरी दोस्त सीवी शनमुगम ने पार्टी को दो फाड़ कर दिए। सीवी शनमुगम ने विधानसभा में विजय के विश्वासमत पेश करने से ठीक एक दिन पहले समर्थन का ऐलान कर दिया है। तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीति के मुख्य दल ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम अब दो फाड़ हो गए हैं। सीवी शनमुगम की अगुवाई वाले गुट का दावा है कि उनके पास 30 विधायकों को समर्थन है।



**बर्थडे पर दो फाड़ हुई एआईएडीएमके-** तमिलनाडु में डीएमके और एआईएडीएमके की चुनावी हार के बाद यह चर्चा सामने आई थी कि दोनों पार्टियां सरकार बनाने के लिए साथ आ सकती हैं। एआईएडीएमके में ईपीएस के खिलाफ बागी सुर बोलने वाले सीवी शनमुगम ने कहा है कि एआईएडीएमके चीफ डीएमके के सहयोग से सरकार बनाना चाहते थे।

## यूएई, इटली समेत 5 देशों की यात्रा करेंगे मोदी

- ईरान-अमेरिका में तनाव के बीच बेहद अहम है दौरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान और अमेरिका में तनाव के बीच दुनियाभर में पैदा हुए ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से 20 मई तक यूरोप और यूएई की यात्रा पर जाने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक इस यात्रा के दौरन वह ऊर्जा सहयोग और व्यापार को बढ़ाने को लेकर कई समझौते कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई और इटली में रुकेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी, नीदरलैंड, स्वीडन और नॉर्वे का भी दौरा करेंगे। वह 15 मई को सबसे पहले यूएई पहुचेंगे और राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी इस यात्रा के दौरान ऊर्जा सहयोग और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर वैश्विक नेताओं से चर्चा करेंगे। इसके अलावा यूरोप के देशों के साथ सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक साझेदारी को बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। जानकारी के मुताबिक यात्रा के दौरान सभी देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ाने पर भी चर्चा की जाएगी। बता दें कि यूएई भारत का बड़ा एनर्जी पार्टनर है। इसके अलावा भी निवेश के मामले में वह भारत का सातवां सबसे बड़ा स्रोत है। यहां 45 लाख से ज्यादा भारतीय भी रहते हैं। यूएई के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीदरलैंड पहुंचेंगे और पीएम रॉब जेटेन से मुलकात करेंगे। वह 17 मई तक नीदरलैंड की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।

### नवाचार को लेकर हो सकती है अहम बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीदरलैंड दूसरी बार जा रहे हैं। यहां वह पीएम विलियम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा से मिलेंगे। पीएम मोदी इस यात्रा के दौरान रक्षा, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर और नवाचार के मामलों को आगे बढ़ाने के लिए चर्चा करेंगे। यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली जाएंगे और यहां प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा रक्षा, सुरक्षा, नवाचार, हरित हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर और जल पर रणनीतिक साझेदारी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उच्च स्तरीय बैठकों और घनिष्ठ सहयोग की गति को और मजबूत करेगी। मंत्रालय ने कहा कि उनकी यह यात्रा बहुआयामी साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने का अवसर प्रदान करेगी।

## अब सीबीआई करेगी चन्द्रनाथ हत्याकांड की जांच

- शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या मामले में बड़ा ऐक्शन

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में चुनावी नतीजों के ठीक बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या से मचे बवाल के बाद अब इस मामले को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ हत्याकांड की जांच अब केंद्रीय जांच ब्यूरो के हाथों में सौंप दी गई है। जानकारी के मुताबिक सीबीआई मंगलवार को आधिकारिक तौर पर बंगाल पुलिस से इस केस की जिम्मेदारी अपने हाथ में ले लेगी। इससे पहले पश्चिम बंगाल पुलिस ने खुद इस मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक सीबीआई ने इस मामले की जांच करने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया है। जांच का जिम्मा डीआईजी रैंक के वरिष्ठ अधिकारी को सौंपा गया है। वहीं एक सात मेंबर्स वाली स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम की बनाई गई है।



### रथ की गोली मारकर हत्या

गौरतलब है कि शुभेंदु के निजी सचिव रहे चंद्रनाथ रथ की बीते 6 मई को उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम में उनके घर से कुछ ही मिनट की दूरी पर हत्या कर दी गई थी। बाइक सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी पर गोलियों की बौछार कर दी थी। इस हमले में उनके ड्राइवर को भी गोली लगी, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। चुनावी नतीजों के बाद हुई इस हत्या से राजनीतिक बवाल मच गया, जहां भाजपा ने इसके लिए टीएमसी को जिम्मेदार ठहराया। वहीं घटना के बाद हमलावरों की तलाश के लिए एक विशेष जांच टीम बनाई गई थी।

### पुलिस को बड़ी कामयाबी

इसके बाद सोमवार को पुलिस ने हत्या के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, मध्यमग्राम में चंद्रनाथ रथ की भयानक हत्या के सिलसिले में अब तक तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। खास सुरागों के आधार पर मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य को बिहार के बक्सर से हिरासत में लिया गया, वहीं राज सिंह को 10 मई को उत्तर प्रदेश के बलिया से हिरासत में लिया गया। बाद में पूछताछ करने पर, तीनों को आज गिरफ्तार कर लिया गया।

### 13 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजे गए आरोपी

फिलहाल इन तीनों आरोपियों को 13 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया, तीनों आरोपियों को पश्चिम बंगाल लाया गया और सोमवार को उत्तर 24 परगना जिले की बारासात अदालत में पेश किया गया। उन्हें 13 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि बारासात अदालत ने पुलिस को उन्हें 24 मई को फिर से पेश करने का आदेश दिया है। अधिकारी ने बताया कि उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की अलग अलग धाराओं के तहत हत्या और सबूतों को छिपाने का आरोप लगाया गया है।

## 26 घंटे में 3 हत्याएं करने वाला साइको किलर ढेर

- यूपी पुलिस बोली-आरोपी ने पिस्तौल छीनकर फायरिंग की

**चंदौली (एजेंसी)।** यूपी में चलती ट्रेन और अस्पताल में तीन हत्याएं करने वाला साइको किलर सोमवार रात 12 बजे पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। चंदौली एसपी आकाश पटेल ने बताया- पुलिस आरोपी को क्राइम सीन रीक्रिएट कराने के लिए लेकर गई थी। इसी दौरान उसने पुलिस अफसर की पिस्टल छीन ली और फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसे सिर और सीने में गोली लग गई। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मुठभेड़ शहर से 15 किमी दूर दरियापुर रेलवे लाइन के पास हुई। इसमें दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। सेना से रिटायर साइको किलर गुरप्रीत सिंह (45) पंजाब का रहने वाला था। उसने चंदौली में 26 घंटे के भीतर बेवजह तीन हत्याएं की थीं। तीनों वारदातों का पैटर्न एक जैसा था- गोली सीधे कनपटी पर मारी गई थी। गुरप्रीत ने पहली हत्या रविवार (10 मई) सुबह करीब 7 बजे पैसेंजर ट्रेन में एक युवक को गोली मार दी। दूसरी हत्या रविवार रात 2 बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन में बाथरूम गए युवक को गोली मार दी। तीसरी हत्या सोमवार को की थी।


गुरप्रीत सिं

## संक्षिप्त समाचार

### शादी समारोह में तोड़फोड़, पिता की मौत, पुलिस पर एक्शन नहीं लेने और दबाव बनाने का आरोप, जांच जारी

**हाजीपुर**। वैशाली के महनार थाना क्षेत्र के जावज गांव में 2 दिन पहले पिता ने बेटी का कन्यादान किया था। वहीं 2 दिन बाद पिता का शव घर से मिला है। मृतक कि पहचान वैशाली के महनार के जावज गांव के अशोक महतो (50) के रूप में हुआ है। बताया गया कि शादी समारोह में दबंगों ने तोड़फोड़ की थी और फिर पिता की संदिग्ध मौत हुई है। पिता दबंग का पैर हाथ पकड़ते रहे लेकिन दबंगों ने तोड़फोड़ करना नहीं रोका। आरोप है कि शादी समारोह में पहुंचे कुछ मनचलों और दबंगों ने पहले बारातियों के साथ मारपीट कि घटना को अंजाम दिया जिसके बाद बारात की गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई, कई वाहनों के शीशे तोड़ दिए गए, शादी के लिए बना खाना फेंक दिया गया।



इसके साथ ही चूल्हा भी तोड़ दिया गया। परिजनों का आरोप है कि घटना के दौरान महनार पुलिस और 112 नंबर पर लगातार फोन किया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची भी लेकिन परिजनों के अनुसार तत्काल कानूनी कार्रवाई करने के बजाय पहले शादी कर लीजिए कहकर मामला को शांत कराने की कोशिश हुई। यहीं से अब पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों और पीड़ित परिवार का कहना है कि अगर उसी रात मारपीट, तोड़फोड़, खाना फेंकने, चूल्हा तोड़ने और घायलों के बयान के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाती तो अगर आरोपियों को उसी समय हिरासत में लिया जाता तो शायद आज एक बेटी के सिर से उसके पिता का साया नहीं उठता।

### अंचल अमीन 50 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार, हाजीपुर में जमीन मापी-परिमार्जन के लिए मांगे थे 3 लाख

**हाजीपुर**। वैशाली में स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसवीयू) ने सोमवार को लालगंज अंचल कार्यालय में तैनात अंचल अमीन सुजीत कुमार को 50 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। अमीन पर जमीन के परिमार्जन और मापी के काम के बदले लाखों रुपए रिश्वत मांगने का आरोप है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट के अपर पुलिस महानिदेशक पंकज कुमार दाराद ने बताया कि सराय थाना क्षेत्र के इनायतपुर प्रबोधी सराय निवासी आनंद कुमार और लालगंज थाना क्षेत्र के मुर्गीयाचक निवासी पप्पू कुमार ने पटना स्थित विशेष निगरानी इकाई में शिकायत दर्ज कराई थी। दोनों ने जमीन के परिमार्जन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसके निष्पादन के लिए अमीन सुजीत कुमार रिश्वत की मांग कर रहे थे। शिकायत के अनुसार, पप्पू कुमार की छह हिस्से वाली जमीन की मापी और परिमार्जन के लिए तीन लाख रुपए मांगे गए थे, जबकि आनंद कुमार से 60 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। लगातार



दबाव बनाए जाने के बाद पीड़ितों ने निगरानी इकाई से संपर्क किया। विशेष निगरानी इकाई ने शिकायत मिलने के बाद मामले का गोपनीय सत्यापन कराया। जांच में पुष्टि हुई कि अंचल अमीन सुजीत कुमार वास्तव में रिश्वत की मांग कर रहे थे। सत्यापन रिपोर्ट सही पाए जाने के बाद एसवीयू थाना में कांड संख्या-18/2026, 11 मई 2026 दर्ज किया गया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा-7 (संशोधित 2018) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस उपाधीक्षक चंद्रभूषण के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। योजना के तहत पप्पू कुमार को रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपए लेकर आरोपी के पास भेजा गया। जैसे ही सुजीत कुमार ने रुपए स्वीकार किए, पहले से तैनात निगरानी टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### व्यक्ति से 1 लाख रुपये की ठगी, बदमाशों ने बातों में उलझाकर झोले से निकाले पैसे,साइकिल से घर लौट रहे थे

**हाजीपुर**। लालगंज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से एक लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। बदमाशों ने नुनु बाबू चौक के समीप एक व्यक्ति को बातों में उलझाकर उसके झोले से एक लाख रुपये निकाल लिए और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, शाहपुर कासिम निवासी दुखा सिंह सोमवार को लालगंज स्थित स्टेट बैंक से एक लाख दस हजार रुपये निकालकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। वे जैसे ही कमर्स कॉलेज नहर के पास पहुंचे, वहां पहले से खड़े एक व्यक्ति ने उन्हें रुकने का इशारा किया। उस व्यक्ति ने अपनी बेटी की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर दुखा सिंह से किसी



डॉक्टर के बारे में पूछना शुरू कर दिया। इसी दौरान दो अन्य युवक बाइक से वहां पहुंचे और बातचीत में शामिल हो गए। बातों में उलझाकर बदमाशों ने दुखा सिंह का ध्यान भटका दिया। जब तक दुखा सिंह कुछ समझ पाते, उनके झोले से एक लाख रुपये निकाल लिए गए। बदमाशों ने झोले में केवल दस हजार रुपये छोड़कर बाकी पैसे लेकर बाजार की ओर फरार हो गए। घर पहुंचने पर जब दुखा सिंह ने अपना झोला देखा, तो उन्हें ठगी का पता चला। झोले में केवल दस हजार रुपये ही बचे थे। इसके बाद उन्होंने अपने पुत्र किशन के साथ घटनास्थल पहुंचकर लालगंज थाना को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। पुलिस मामले की जांच कर बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### पद्मश्री कृषि वैज्ञानिक डॉ. गोपालजी त्रिवेदी का निधन, पटना में ली अंतिम सांस

**मुजफ्फरपुर**। पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक, शिक्षाविद् और पूर्व कुलपति डॉ. गोपालजी त्रिवेदी का मंगलवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने पटना के मेदांता अस्पताल में सुबह करीब 5:30 बजे अंतिम सांस ली। उनके पुत्र डॉ. रमन त्रिवेदी ने बताया कि रविवार को सांस संबंधी परेशानी होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद उनका निधन हो गया। गायघाट प्रखंड स्थित मतलुपुर गांव निवासी डॉ. त्रिवेदी कृषि क्षेत्र में अपने नवाचारों और किसानों की आय बढ़ाने वाले मॉडल के लिए देशभर में जाने जाते थे। विज्ञान और इंजीनियरिंग श्रेणी में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री सम्मान मिला था। डॉ. गोपालजी त्रिवेदी ने विशेष रूप से मुजफ्फरपुर की पहचान मानी जाने वाली लीची के पुराने बागों को बचाने और उत्पादन बढ़ाने के लिए 'पुनर्जीवन कैनोपी मैनेजमेंट' तकनीक विकसित की थी। वर्ष 2003 में शुरू की गई इस तकनीक के तहत 40-50 साल पुराने और अनुत्पादक लीची पेड़ों की वैज्ञानिक तरीके से कटाई-छंटाई कर उन्हें फिर से फलदार बनाया जाता था। पेड़ों की ऊंचाई कम कर नई शाखाओं के विकास को बढ़ावा दिया जाता था, जिससे पुराने बागों को हटाए बिना ही नए पेड़ों जैसी उपज मिलने लगी। प्रारंभिक प्रयोग में ही उनके बाग के 10 पेड़ों से सवा क्विंटल तक अतिरिक्त उत्पादन हुआ था। मुजफ्फरपुर में करीब 12 हजार हेक्टेयर में लीची की खेती होती है। ऐसे में उनकी तकनीक ने हजारों किसानों को पुराने बागों के संरक्षण और बेहतर उत्पादन का रास्ता दिखाया। डॉ. त्रिवेदी ने जलजमाव वाले क्षेत्रों में खेती को नई दिशा देने का भी काम किया। उन्होंने मखाना, सिंघाड़ा और मत्स्य आधारित समेकित खेती को बढ़ावा देकर परती और जलजमाव वाली जमीन को उपयोगी बनाया। उनके प्रयास से 22 किसानों ने 86 एकड़ भूमि को मत्स्य आधारित खेती मॉडल में विकसित किया। इस मॉडल में मछली पालन, पौधारोपण और अन्य फसलों की खेती एक साथ की जाती थी। इसे 'बाबा परियोजना' यानी बिहार एक्वाकल्चर बेस्ड एग्रीकल्चर परियोजना के नाम से पहचान मिली। इससे भूजल स्तर में सुधार के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए। राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा (पूर्व में राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय) के पूर्व कुलपति भी रहे। कृषि विस्तार, तकनीकी आधारित खेती, किसानों की आय दोगुनी करने और सतत कृषि मॉडल पर उनका कार्य बेहद प्रभावशाली माना जाता है।

# बांका-बेगूसराय समेत 4 जिलों में तेज बारिश, 19 जिलों में हेवी रेन का अलर्ट

एजेंसी, पटना

बिहार के कई जिलों का मौसम मंगलवार को फिर से बदल गया। दोपहर के बाद शाम में बांका, लखीसराय और बेगूसराय में तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। जहानाबाद में बूंदाबांदी शुरू है। सुबह सुपौल में बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज बिहार के सभी जिलों में बारिश की संभावना जताई है। बांका, जमुई और पटना में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। जबकि खगड़िया, दरभंगा, बेगुसराय, समस्तीपुर एवं सहरसा में आंधी-बारिश की ऑरेंज अलर्ट है। प्रदेश में अगले सात दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। कई जिलों में 40 से 60Kmph की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका जताई है। साथ ही अकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार में अब तक सामान्य से 193% अधिक बारिश दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में कैमूर 40 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा।


अगले 7 दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम



**पटना में आज तेज बारिश की संभावनाः** पटना में भी अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला हुआ रहेगा। मंगलवार को राजधानी में आसमान में बादल छाए रहेंगे। साथ ही तेज बारिश के साथ-साथ तेज हवा चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, शहर के कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। दिन के समय उमस और गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है, लेकिन बारिश होने के बाद तापमान में गिरावट आने से राहत मिलने की उम्मीद है।

पटना में पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 1 से 2 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास बना रहने से सुबह और रात में हल्की राहत महसूस हुई। हालांकि मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में राज्य के अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि की संभावना जताई है। इसके बाद आंधी-बारिश की गतिविधियां बढ़ने से तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट आ सकती है।

# पटना में 7 किलो चांदी और 5 लाख कैश चोरी



शटर काटकर दुकान में घुसे चोर, सीसीटीवी में तिजोरी ले जाते दिख रहे चोर

एजेंसी, पटना

पटना में के बोरिंग कैनाल रोड में 'सोना दो पैसा लो' दुकान में चोरी हुई है। चोरों ने शटर काटकर 7 किलो चांदी और 5 लाख कैश चुरा लिए हैं। जेवरात और नगद मिलाकर कुल 25 लाख की संपत्ति चोर ले गए हैं। वारदात सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड हुई है। जिसमें दोनों शातिर तिजोरी ले जाते दिख रहे हैं। शॉप के मालिक आशीष ने बुद्धा कॉलोनी थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

**रात 2 बजे के बाद दुकान में घुसे चोरः** आशीष ने कहा कि सीसीटीवी के अनुसार दो लड़के रात 2:39 बजे शटर काटकर घुसे थे। बाहर के कैमरे को उनलोगों ने घुमा दिया था, ताकि सामने से कुछ भी रिकॉर्ड नहीं हो। दोनों के चेहरे नकाब से ढंके थे। दुकान में जाने के बाद दोनों तिजोरी लेकर भाग गए। तिजोरी में 7 किलो चांदी और 5 लाख कैश थे।

ऑनर ने पुलिस पर भी सवाल खड़े किए हैं। यह इलाका काफी रिहायशी है। इस प्रतिष्ठान के ऊपरी फ्लोर पर SBI का दफ्तर है। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद बुद्धा कॉलोनी थाने की पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुट गई है। आने जाने वाली रास्ते और लिंक रोड के कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## बिहटा में 9 लोगों पर मर्डर की एफआईआर, 3 की हो चुकी गिरफ्तारी

एजेंसी, पटना

पटना के बिहटा में शिव साव (64) की हत्या हुई थी। मामले में उनकी पत्नी कलावती देवी ने 9 लोगों के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने 3 को गिरफ्तार कर लिगाय है, बाकी को पुलिस तलाश रही है। कलावती देवी ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम को पाटीदारों पति और परिवार के साथ शराब के नशे में बिना किसी वजह के मारपीट की थी। इस घटना में परिवार के सदस्य घायल भी हुए थे, जिसके बाद रात में मामला शांत हो गया था। सोमवार की सुबह जब शिव साव घर पर नहीं मिले, पता चला कि वे सुबह करीब 4 बजे टहलने और चाय पीने के लिए बाहर निकले थे। सुबह 7 बजे के आसपास गांव वालों ने सूचना दी कि उनका शव घर के पीछे खेत में एक नींबू के पेड़ से लटका हुआ है। घटना कटेसर गांव की है। कलावती देवी ने आशंका जताई है कि उनके पति



को उन्हीं लोगों ने पहले पीटा और फिर आत्महत्या का रूप देने के लिए उन्हें पेड़ से लटका दिया। आए दिन आरोपी गाली-गलौज और मारपीट करते थे। हमलोग मजदूर वर्ग के हैं और कमजोर हैं। जिसके कारण हमें दबाकर रखा जा रहा था। इसी वजह से मारपीट भी होती थी। घटना के बाद से पुलिस लगातार आसपास के गांवों और क्षेत्रों में छापेमारी कर रही है ताकि फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा सके। थानाप्रभारी अमित कुमार ने बताया कि अधेड़ व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या मामले में मृतक की पत्नी कलावती देवी ने हत्या का मामला दर्ज कराया है। जिसमें से पुलिस ने तीन आरोपियों की गिरफ्तार की है, जबकि अन्य फरार हैं।

# लोको पायलट की पत्नी का शव मिला, पिता बोले-हत्या हुई, दामाद ने पटना में मर्डर किया

एजेंसी, पटना

पटना में लोको पायलट की पत्नी का शव मिला है। मृतका के पिता का आरोप है कि दामाद ने पटना में बेटी की हत्या की। फिर बचने के लिए लाश को आरा ले जाकर फेंक दिया। बेटी जन्म देने पर दामाद ने हत्या की है। मृतका की पहचान वैशाली के बिदुपुर की जूली सिंह (30) के रूप में हुई है। जूली की शादी भोजपुर के अजीमाबाद के निवासी मनोरंजन सिंह से हुई थी।

मृतका के पिता रंजीत सिंह ने दामाद मनोरंजन सिंह और उसके भाई चितरंजन सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मामला दानापुर थाना क्षेत्र के न्यू प्रगति नगर खारजा रोड की है।

**पटना में हत्या कर आत्महत्या बताने की कोशिश हुईः** मृतका के पिता रंजीत सिंह का कहना है कि मनोरंजन सिंह ने दुपट्टे से गला घोंट कर मेरी बेटी की हत्या की। पेशे से लोको पायलट दामाद ने अपने भाई के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस से बचने के लिए उनलोगों ने हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। इसके लिए दोनों ने मिलकर जूली की लाश को पहले पंखे से लटकाया था।



**फिर पटना से करीब 70 किमी दूर आरा में लाश फेंकीः** पिता के अनुसार, इसके बाद दोनों ने लाश को ठिकाने लगाने का प्लान बनाया। पत्नी की लाश को ठिकाने लगाने के लिए सिन्हा घाट गंगा नदी ले जाया जा रहा था, लेकिन इसी बीच पुलिस दिख गई। पुलिस को देखकर दोनों भाई लाश को झाड़ियों में फेंका और तेजी से फरार हो गए। मृतका के पिता रंजीत सिंह का दावा है कि सोमवार की सुबह में मनोरंजन सिंह और देवर चितरंजन सिंह ने मारपीट की और ड्यूटी पर चला गया। इसके बाद दोपहर में भाई के साथ मिलकर जूली के साथ मारपीट की और गला दबाकर हत्या कर दी।

### आरा में लाश फेंकी, बेटी होने से नाराज था

**दहेज के लिए भी प्रताड़ित किया जा रहा थाः** रंजीत सिंह ने बताया, शादी के वक्त अपनी क्षमता के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन शादी के बाद मेरी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। 7 साल पहले जूली ने बेटी को जन्म दिया था। इसके बाद से ही उसके साथ मारपीट की जाती थी। पैसों के लिए उसपर लगातार दबाव बनाया जाता था।

**2017 में हुई थी शादीः** 2017 में मनोरंजन सिंह के साथ जूली सिंह की शादी हुई थी। मनोरंजन खारजा रोड में विनोद सिंह के मकान में किराए पर रहता है। सूचना मिलने पर पुलिस ने सोमवार देर रात शव बरामद कर अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के पिता के बयान पर पति, देवर सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल ससुराल वाले फरार हैं।

# गैंगरेप मामले में तीसरा बदमाश भी गिरफ्तार

एजेंसी, पटना

पटना में नाबालिग से गैंगरेप हुआ था। कार में 50 किमी तक इधर-उधर ले जाते रहे। सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दानापुर की रेल पुलिस ने सोमवार को अरविंद कुमार नामक व्यक्ति को पकड़ा। इस मामले में पहले ही 2 अन्य आरोपियों विकास कुमार और पवन कुमार को 4 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल सफेद रंग की अर्टिगा कार, 2 मोबाइल और अन्य साक्ष्य भी बरामद किए हैं। कार से कुछ दवाइयां और पानी जैसे नशीले पदार्थ बरामद हुए हैं। इन सभी चीजों को फॉरेंसिक साइंस लैब (FSL) टीम को जांच के लिए भेजा गया है। रेल डीएसपी कंचन राज ने सोमवार को जानकारी दी।

**निशानदेही पर तीसरे बदमाश तक पहुंची पुलिसः** पहले गिरफ्तार विकास और उसके सहयोगी पवन से सख्ती से पूछताछ और उनके मोबाइल की तकनीकी जांच के बाद तीसरे आरोपी अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया गया। घटना स्थल को संरक्षित कर लिया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ स्पीड ट्राइल चलाया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द सभी को सजा



दिलाया जा सके। गिरफ्तार पवन और अरविंद के खिलाफ पटना के विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

**पीड़िता मोतिहारी की रहने वाली हैः** डीएसपी कंचन राज के अनुसार, 15 वर्षीय पीड़िता मोतिहारी की रहने वाली है और अपने माता-पिता के साथ विजयवाड़ा में रहती थी। 27 अप्रैल को परिजनों से कहासुनी के बाद वह अपने गांव जाने के लिए ट्रेन से निकली थी। 1 मई को पटना जंक्शन पहुंचने पर उसका मोबाइल गुम हो गया था। इसी दौरान स्टेशन पर मौजूद विकास कुमार ने उसे मदद और मोबाइल गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने का झांसा दिया।

**निर्माणाधीन मकान में गैंगरेपः** पुलिस के

◆ कार में 50 किमी तक पीड़िता को बंधक बनाकर रखा था, गाड़ी से दवाइयां और नशीले पदार्थ बरामद

मुताबिक, विकास कुमार ने अर्टिगा कार मंगवाई, जिसमें पवन कुमार पहले से मौजूद था। वो युवती को कार में बैठाकर अलग-अलग जगहों पर ले गए। बाद में उसे बेऊर थाना क्षेत्र के एक निर्माणाधीन मकान में ले जाया गया, जहां अरविंद कुमार उर्फ भोक्रम पहले से मौजूद था। तीनों ने मिलकर किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

**48 घंटे तक बंधक बनाकर रखाः** पटना मेंनाबालिग लड़की को करीब 48 घंटे तक दरिंदे कार में बंधक बनाकर घुमाते रहे। जंक्शन से अगवा करने के बाद आरोपी उसे कोतवाली, गांधी मैदान, सचिवालय, गर्दनीबाग, बेऊर और दानापुर समेत 7 थाना क्षेत्रों के आसपास करीब 50 किलोमीटर तक घुमाते रहे। हैरानी की बात यह है कि भारी सुरक्षा वाले सचिवालय और वीवीआईपी इलाकों से भी गाड़ी गुजरी, लेकिन किसी ने रोका तक नहीं।

## सदाकत आश्रम में कांग्रेस की बैठक राजेश राम-कृष्णा अल्लावरु मौजूद

एजेंसी, पटना

बिहार कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में हो रही। इसकी अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम कर रहे। संगठन सृजन साथी अभियान के तहत ये बैठक आयोजित की गई, जिसमें बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु भी मौजूद हैं। बैठक में शामिल होने के लिए प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों, पर्यवेक्षकों, कनेक्ट सेंटर से जुड़े पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं को बुलाया गया है। संगठन सृजन साथी अभियान को लेकर बिहार कांग्रेस ने 53 सांगठनिक जिलों में 155 जिला ऑब्जर्वर को नियुक्त किया है। यह नियुक्ति बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के निर्देश पर हुई है। इस सूची में कई वरिष्ठ नेताओं को भी शामिल किया गया है जिनके ऊपर संगठन सृजन साथी अभियान के सफलता की जिम्मेदारी रहेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पार्टी



को जिला और बूथ स्तर पर मजबूत करना है।

बिहार कांग्रेस ने पिछले महीने संगठन सृजन साथी अभियान के लिए डिजिटल ड्राइव की शुरुआत की थी। इससे जुड़ने के लिए लोग BPCC ऐप पर जाकर रजिस्टर कर सकते हैं। आवेदक किसी अन्य राजनीतिक दल का सदस्य नहीं होना चाहिए। प्रत्येक जिला अध्यक्ष को 2,000 सृजन साथी बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसी प्रकार ब्लॉक अध्यक्ष पद के दावेदारों के लिए कम से कम 200 सृजन साथी बनाना अनिवार्य किया गया है।

## दवा की थोक-खुदरा दुकानें 20 मई को बंद रहेंगी

एजेंसी, पटना

ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री और केंद्र सरकार की नई दवा नीति के विरोध में देशभर के दवा कारोबारियों ने 20 मई को एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। इस दौरान बिहार सहित पूरे देश में थोक और खुदरा दवा दुकानें बंद रहेंगी। दवा कारोबारियों का कहना है कि ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियों के बढ़ते दायरे से पारंपरिक मेडिकल स्टोरों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

बिहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन और पटना केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से इस आंदोलन का समर्थन किया है। संगठनों ने सभी दवा विक्रेताओं, फार्मासिस्टों और थोक व्यापारियों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है। आंदोलन के तहत 16 से 19 मई तक दवा दुकानदार काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज कराएंगे। हड़ताल 19 मई की देर रात से प्रभावी हो जाएगी। पटना केमिस्ट



एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्जुन कुमार यादव ने कहा कि यह आंदोलन केवल कारोबार बचाने के लिए नहीं, बल्कि मरीजों की सुरक्षा और दवा वितरण व्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए भी आवश्यक है। बिना डॉक्टर के उचित सलाह के दवाओं की आपूर्ति कर दी जाती है। दवा विक्रेताओं ने विशेष रूप से एंटीबायोटिक्स, नशीली दवाओं और शेड्यूल एच-एच1 श्रेणी की दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीके सिंह और महासचिव राजेश आर्या ने बताया कि हजारों छोटे दुकानदारों और फार्मासिस्टों की आजीविका प्रभावित हो रही है।

# बांकीपुर बस स्टैंड को तोड़कर बनेगा 5 स्टार होटल

एजेंसी, पटना

पटना का बांकीपुर बस स्टैंड अब इतिहास बनने जा रहा है। यात्रियों की भीड़ और बसों की आवाजाही से गुलजार रहने वाला यह परिसर अब एक नई कहानी लिखने जा रहा है। गांधी मैदान के कारगिल चौक के पास स्थित 67 साल पुराने इस बस डिपो को तोड़कर एक फाइव स्टार होटल का निर्माण किया जाएगा। एक महीने के अंदर इस परिसर को खाली करने की तैयारी है।

**बांकीपुर बस स्टैंड का इतिहासः** पटना का बांकीपुर बस स्टैंड बिहार के परिवहन इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह डिपो दशकों तक पटना की परिवहन व्यवस्था की रीढ़ रहा है। इसकी शुरुआत साल 1959 में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (BSRTC) की स्थापना के साथ हुई थी। यह डिपो दशकों तक पटना, आसपास के जिलों और विशेष रूप से लंबी दूरी की बसों के लिए प्रमुख केंद्र बना रहा। बस स्टैंड लगभग 3.5 एकड़ में फैला है।

**जेपी गंगा पथ के किनारे बनेगा नया बस स्टैंडः** ऐसी चर्चा है कि बांकीपुर बस स्टैंड शिफ्ट करने के लिए जेपी गंगा पथ किनारे 5 एकड़ में नया बस स्टैंड बनाया जाएगा। गंगा नदी के किनारे वाली सड़क के उत्तर में जगह



चुना गया है। पिछले दिनों जमीन की नापी कर सीमांकन किया गया। BSRTC ने नए बस स्टैंड के लिए भूमि के औपचारिक आवंटन की मांग करते हुए जिला प्रशासन को पत्र लिखा है। जब तक आधिकारिक रूप से जमीन का आवंटन नहीं हो जाता तब तक बस संचालन का प्रबंधन कई स्थानों से किया जाएगा।

**सिटी बसों का परिचालन मल्टी मॉडल हब से किया जाएगाः** फिलहाल सिटी बसों का परिचालन मल्टी मॉडल हब और फुलवारीशरीफ स्थित डिपो से किया जाएगा। वहीं, बैरिया स्थित ISBT से अभी प्राइवेट बसों का परिचालन हो रहा है। वहां से भी कुछ जिलों की सरकारी बसों का परिचालन होना है। कुछ बसों को पहले से ही गंगा पथ के पास खड़ा किया जा रहा है और परिचालन समय के दौरान उन्हें कारगिल चौक पर लाया जा रहा है।

### 28 हजार यात्रियों को बस के लिए दूसरी जगह जाना होगा, इसी महीने जमीन होगी खाली

बांकीपुर बस स्टैंड की जमीन पर लग्जरी ताज होटल बनेगा। इसके लिए मार्च महीने में बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BSTDCL) और सारगा होटल प्राइवेट लिमिटेड के बीच MoU साइन हुआ था। यह समझौता सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के तहत हुआ है। इस समझौते के मुताबिक द इंडियन होटल समूह द्वारा फाइव स्टार ताज होटल का निर्माण किया जाएगा। होटल निर्माण के लिए DPR तैयार हो गया है। 3D इमेज बनाई गई है। बस स्टैंड खाली होने का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद फाइनल पोजिशनिंग की जाएगी। किसी भी तरह के बदलाव होने पर फिर से स्ट्रक्चरिंग की जाएगी। एक बार जगह खाली होने के बाद, पटना नगर निगम से NOC के लिए अप्लाई किया जाएगा। फिर काम शुरू होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एम.एस कॉलेज में स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा पाँचवे दिन भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**बीएनएम @ मोतिहारी।** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुज़फ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) तृतीय सेमेस्टर, सत्र 2024–28 की परीक्षा दिनांक 8 मई 2026 से प्रारंभ है । मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एल.एन.डी कॉलेज, मोतिहारी और मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज, मोतिहारी के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दिनाँक- 12/05/2026 को परीक्षा के पाँचवे दिन शहर के मुंशी सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में माइनर ग्रुप-इ के अंतर्गत रसायन शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, भूगोल और दर्शनशास्त्र विषयों की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 669 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में माइनर ग्रुप- एफ के अंतर्गत भौतिकी, अंग्रेजी और राजनीति विज्ञान विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें 782 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा कदाचार मुक्त, अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की शुचिता एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी प्रबंध किए गए थे। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एम.एन.हक़ और परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी।

### कोटवा कॉलेज गेट पर युवक के हत्याकांड का खुलासा, 24 घंटे के भीतर एक आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** कोटवा थाना क्षेत्र के कझिया कॉलेज गेट के समीप हुए रितेश कुमार हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मामले में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पूर्वी चम्पारण द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 11 मई 2026 को सूचना मिली थी कि कझिया कॉलेज गेट के पास रितेश कुमार नामक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल चार लोगों की पहचान की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने गुड्डु कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी कोटवा थाना क्षेत्र के बड़हरवा कला गांव निवासी संजय यादव का पुत्र बताया गया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं। वहीं अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। छापेमारी दल में सदर-02 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जितेश पाण्डेय, पिपराकोठी के पर्यवेक्षी पदाधिकारी सुरेश कुमार यादव, कोटवा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, पिपराकोठी थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार, कल्याणपुर थानाध्यक्ष विनीत कुमार, कोटवा थाना के अपर थानाध्यक्ष सूर्यकान्त प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक अमन कुमार, जिला आसूचना इकाई पूर्वी चम्पारण तथा कोटवा थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे।

### तुरकौलिया में दो युवतियों के अपहरण से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**बीएनएम @ तुरकौलिया।** तुरकौलिया थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से दो युवतियों के अपहरण की घटनाओं ने इलाके में सनसनी फैला दी है। दोनों मामलों में परिजनों के आवेदन पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अगवा युवतियों की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पहला मामला रिश्तों को शर्मसार करने वाला बताया जा रहा है। आरोप है कि एक युवक ने अपनी ही मौसेरी बहन को प्रेमजाल में फंसाकर भगा लिया। इस मामले में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के काटहा लोकनाथपुर निवासी अनूप साहनी के पुत्र धर्मेंद्र साहनी को नामजद आरोपी बनाया गया है। युवती की मौसी द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि गुडल देवी, सुंदरी देवी और कालावती देवी ने भी युवती को भगाने में सहयोग किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच तेज कर दी है। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के एक अन्य गांव की है, जहां आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़िता के भाई के आवेदन पर नारियरवा गांव निवासी ध्रुव राम के पुत्र रवि किशन कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में ध्रुव राम, इंदल राम, चंदा देवी, प्रमोद राम, संध्या देवी और निशा कुमारी को भी आरोपी बनाया गया है। थानाध्यक्ष सम्पत कुमार ने बताया कि दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कार्रवाई कर रही है। संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही युवतियों की बरामदगी तथा आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### जहरीली शराब कांड के फरार आरोपी के घर इश्तेहार चस्पा

**बीएनएम @ तुरकौलिया।** जहरीली शराब कांड में फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ तुरकौलिया पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके घर इश्तेहार चस्पा किया। इस दौरान पुलिस ने ढोल-नगाड़ों के साथ गांव में मुनादी भी कराई। बताया जाता है कि आरोपी जयसिंहपुर चिउटही निवासी संजीव राय बीते करीब दो माह से फरार चल रहा है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की, लेकिन वह पकड़ में नहीं आ सका। इसके बाद माननीय न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उसके घर इश्तेहार चिपकाया। थानाध्यक्ष सम्पत कुमार ने बताया कि अप्रैल माह में हुए जहरीली शराब कांड में संजीव राय अप्राथमिकी अभियुक्त है। मामले में केस दर्ज होने के बाद से वह लगातार फरार है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना में करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं, जिनमें शराब कारोबार, मारपीट समेत अन्य आपराधिक मामले शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि यदि आरोपी शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो उसके विरुद्ध कुर्की-जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप का माहौल है।

## सहयोग शिविर की तैयारी तेज, एसडीओ सदर ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** मोतिहारी सदर अनुमंडल क्षेत्र में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को शहर के समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन भवन सभागार में अनुमंडल स्तरीय बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सदर निशांत सिहारा ने की। बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार पटना से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी सुनील कुमार तिवारी, सदर डीसीएलआर प्रीति कुमारी सहित सदर अनुमंडल के सभी प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा लॉन्च किए गए सहयोग पोर्टल एवं सहयोग हेल्पलाइन की पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि अब तक प्राप्त सभी आवेदनों को सहयोग पोर्टल पर अपलोड किया जाए तथा जिन आवेदनों का निष्पादन हो चुका है, उन्हें भी पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने 19 मई 2026 को पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी पंचायतों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की पहुंच प्रत्येक व्यक्ति तक सुनिश्चित हो, ताकि पंचायत स्तर पर लोगों की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हो सकें और उनका त्वरित निष्पादन किया जा सके।बैठक के अंत में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से आपसी समन्वय और पूर्ण मनोयोग के साथ सहयोग शिविर को सफल बनाने की अपील की।

## फरार शराब कारोबारी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया



बीएनएम @ हरसिद्धि/मोतिहारी

**हरसिद्धि/ मोतिहारी।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र में शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे शराब कारोबार के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार हरसिद्धि थाना कांड संख्या 234/26 दिनांक 03 मई 2026, धारा 30ए के नामजद अभियुक्त बिहारी सहनी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिहारी सहनी, पिता राजवंशी सहनी, निवासी ग्राम मुरारपुर बलुआ टोला थाना हरसिद्धि जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश करने के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि शराब कारोबारियों एवं फरार अभियुक्तों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी हाल में अवैध शराब कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## ओलहा बाजार में बाइक की डिक्की से विदेशी शराब बरामद, कारोबारी फरार

बीएनएम @ हरसिद्धि/मोतिहारी




**हरसिद्धि/मोतिहारी।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र में शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने ओलहा बाजार में छापेमारी कर विदेशी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान कारोबारी पुलिस को देखते ही मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ओलहा बाजार में शराब की खेप पहुंचाई गई है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए एक संदिग्ध मोटरसाइकिल संख्या BR 05AN 9737 की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बाइक की डिक्की से 48 पीस फ्रूटी पैक विदेशी शराब बरामद हुई। प्रत्येक पैक 180 एमएल का था। बरामद शराब की कुल मात्रा 8.640 लीटर बताई गई है। पुलिस के अनुसार शराब कारोबारी की पहचान अमर साह, पिता राम प्रवेश साह, निवासी ओलहा बाजार थाना हरसिद्धि के रूप में हुई है। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही आरोपी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मोटरसाइकिल और शराब को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से मिला परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने नवमनोनीत शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से शिष्टाचार मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री का स्वागत करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की लंबित समस्याओं, वेतन विसंगतियों, सेवा शर्तों एवं कार्यदशा में सुधार से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। महासंघ की ओर से शिक्षा मंत्री को मांग पत्र भी सौंपा गया। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार शिक्षकों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं और उनकी जायज समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार एवं प्रदेश संयोजक प्रणय कुमार ने कहा कि शिक्षा मंत्री के साथ सकारात्मक माहौल में वार्ता हुई है और उन्हें उम्मीद है कि लंबे समय से लंबित मांगों पर जल्द ठोस निर्णय लिया जाएगा। वहीं प्रदेश संगठन महामंत्री शिशिर कुमार पाण्डेय एवं प्रधान शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि मंत्री ने विभागीय स्तर की बाधाओं को दूर कर शिक्षकों को राहत देने का आश्वासन दिया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने कहा कि महासंघ शिक्षकों की आवाज मजबूती से उठाता रहेगा। मंत्री के सकारात्मक रुख से प्रदेश के शिक्षकों में नई उम्मीद जगी है। इस मौके पर संगठन के कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।


## छौड़ादानो प्रखंड कार्यालय में सहयोग शिविर की समीक्षा बैठक, जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन पर जोर

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** जिला के छौडादानों प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को "सहयोग शिविर" के प्रभावी संचालन एवं प्राप्त जन-शिकायतों व आवेदनों के त्वरित निष्पादन की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नोडल पदाधिकारी-सह-जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण अरुण कुमार ने की।बैठक के दौरान राज्य सरकार द्वारा संचालित "सहयोग शिविर" के उद्देश्य के अनुरूप आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन पर विशेष बल दिया गया। समीक्षा के क्रम में विभागवार प्राप्त आवेदनों, उनके निष्पादन, लंबित मामलों तथा लंबित रहने के कारणों की विस्तार से समीक्षा की गई। राजस्व एवं भूमि विवाद से संबंधित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु अंचल एवं पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का अनिवार्य रूप से पंजीकरण एवं पोर्टल पर अपलोड सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी विभागीय पदाधिकारी शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा लंबित मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करें। यह भी स्पष्ट किया गया कि जन शिकायतों का निष्पादन केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहकर वास्तविक एवं संतोषजनक होना चाहिए। संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान अधिकारियों को आम नागरिकों के प्रति संवेदनशील एवं जवाबदेह व्यवहार अपनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी शिविर के माध्यम से लोगों तक पहुँचाने का निर्देश दिया गया। सभी विभागों को अगले सहयोग शिविर से पूर्व लंबित मामलों में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करने को कहा गया। इसी क्रम में भेलवा एवं महुआवा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण भी किया गया तथा उपस्थित लोगों से फीडबैक प्राप्त किया गया। लोगों ने शिविर के संचालन पर संतोष व्यक्त किया। कई मामलों में कैंप स्थल पर ही पेंशन संबंधी समस्या, ई-केवाईसी एवं जॉब कार्ड बनाने जैसे मामलों का निष्पादन किया गया।

## पान दुकान की आड़ में गांजा बेच रहा दुकानदार गिरफ्तार



बीएनएम @ हरसिद्धि/मोतिहारी

**हरसिद्धि/मोतिहारी।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र में सूखा नशा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने सेवरहा बाजार में छापेमारी कर पान दुकान की आड़ में गांजा बेच रहे एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सेवरहा बाजार में एक पान दुकान से गांजा की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। तलाशी के दौरान दुकान से 12 ग्राम गांजा बरामद किया गया। मामले में पुलिस ने पान दुकानदार लड्डू साह, पिता भरत साह, निवासी चड़रहिया थाना हरसिद्धि, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार कर लिया। बरामद गांजा को जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि क्षेत्र में सूखा नशा एवं अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पान दुकान की आड़ में गांजा बेचने की सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई, जिसमें आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## छावनी ओवरब्रिज के पास लूट की योजना बना रहे पांच युवक गिरफ्तार, हथियार व कारतूस बरामद

बीएनएम @ बेतिया



**बेतिया।** मनुआपुल थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लूटपाट की योजना बना रहे पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों के पास से एक देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, दो डायगर चाकू, दो मोबाइल फोन एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, 11 मई 2026 की रात करीब 10:55 बजे मनुआपुल थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि छावनी ओवरब्रिज के पास पांच युवक हथियार के साथ जमा होकर किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों के निर्देश पर थानाध्यक्ष रवि कुमार के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। बेहतर सूचना आदान-प्रदान के आधार पर पुलिस टीम ने छावनी ओवरब्रिज के समीप छापेमारी कर पांचों युवकों को मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, दो डायगर चाकू, दो एंड्रॉयड मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। इसके बाद सभी आरोपितों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान निकेश कुमार पिता रामबालक राम निवासी परसौना गोपालपुर, सुमित कुमार पिता विनोद पाठक निवासी चुहड़ी पाठक टोला थाना चनपटिया, अशरफ अली father अरमान अंसारी निवासी मरकौली थाना बैरिया, सागर कुमार पिता बद्री राम निवासी शंभुआपुर थाना चनपटिया तथा नरेन्द्र कुमार पिता परमा राम निवासी मथौली थाना बैरिया के रूप में हुई है। सभी पश्चिम चम्पारण जिले के रहने वाले बताए गए हैं। इस मामले में मनुआपुल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में पु०अ०नि० रवि कुमार थानाध्यक्ष मनुआपुल थाना, पु०अ०नि० लालजीत पंडित, पु०अ०नि० लक्ष्मी कुमारी, जिला आसूचना इकाई के कर्मी, सिपाही रंजन कुमार, गृह रक्षक दिपुलाल कुमार एवं मैनेजर सहनी शामिल थे। बेतिया पुलिस ने कहा है कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## विभाग स्तरीय प्रधानाचार्यों बैठक आयोजित, शैक्षणिक गुणवत्ता पर हुआ मंथन

बीएनएम @ हरसिद्धि




**हरसिद्धि।** लोक शिक्षा समिति, बिहार द्वारा आयोजित चम्पारण विभाग की विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक मंगलवार को महावीर सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर, हरसिद्धि में संपन्न हुई। कार्यक्रम में पूर्वी एवं पश्चिमी चम्पारण जिले के सरस्वती शिशु-विद्या मंदिरों के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक एवं आर्थिक गतिविधियों की समीक्षात्मक चर्चा की गई। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़े कार्यों में गुणात्मक वृद्धि लाने को लेकर विभिन्न सुझाव एवं निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालय संचालन, अनुशासन तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। लोक शिक्षा समिति के प्रदेश सचिव रामलाल सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। वहीं चम्पारण विभाग के विभाग निरीक्षक ललित कुमार राय एवं सीतामढ़ी विभाग के विभाग निरीक्षक रंजीत कुमार ने विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं नारायण प्रसाद अग्रवाल, अध्यक्ष रंजिता गुप्ता, उपाध्यक्ष अजय कुमार सुल्तानिया, सचिव उत्तम अग्रवाल, यादवपुर पंचायत की मुखिया ममता देवी, सदस्य लाल बाबू ठाकुर एवं अमृतेश कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों की स्थानीय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विद्यालय के शिक्षक सत्येंद्र कुशवाहा ने दी।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्सौल एसडीएम ने सहयोग शिविर की तैयारियों की समीक्षा की

**बीएनएम @ रामगढ़वा।** रक्सौल अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को रामगढ़वा प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 19 मई 2026 को आयोजित होने वाले 'सहयोग शिविर' की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से जैतापुर और अधकपरिया पंचायत सहित अनुमंडल के विभिन्न पंचायतों में लगने वाले शिविरों की तैयारी की समीक्षा की गई। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायतों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि गांव के प्रत्येक व्यक्ति तक प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित हो सके और ग्रामीण अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन सीधे प्रशासन को दे सकें। एसडीएम ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही जन समस्याओं का संकलन कर उनका त्वरित निष्पादन करना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए सहयोग पोर्टल एवं सहयोग हेल्पलाइन के माध्यम से लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। बैठक में रामगढ़वा बीडीओ राकेश कुमार एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक पन्ना की मौजूदगी में सहयोग पोर्टल और हेल्पलाइन की पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए विस्तृत जानकारी दी गई। एसडीएम ने निर्देश दिया कि अब तक प्राप्त सभी आवेदनों तथा निष्पादित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों से समन्वय बनाकर शिविर को सफल बनाने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चम्पापुर में जमीनी विवाद में मारपीट, घायल की इलाज के दौरान मौत

**बीएनएम @ रामगढ़वा।** रामगढ़वा प्रखंड के चम्पापुर वार्ड संख्या 11 में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई हिंसक मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सिंहासन राम और बिगू राम के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद को सुलझाने के लिए कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। इसी पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में सिंहासन राम और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए तत्काल पीएचसी रामगढ़वा पहुंचाया, जहां से सिंहासन राम की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल मोतिहारी रेफर कर दिया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए उन्हें एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर भेजा गया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक की पत्नी रीता देवी ने थाना में आवेदन देकर बिगू राम सहित अन्य लोगों पर पति की हत्या का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

### बैठक से गायब रहने पर किसान सलाहकारों व विकास मित्र से जवाब-तलब

**बीएनएम @ हरसिद्धि।** प्रखंड मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने वाले दो किसान सलाहकारों एवं एक विकास मित्र से प्रखंड विकास पदाधिकारी गुलशन कुमार ने स्पष्टीकरण मांगा है। इस संबंध में कार्यालय की ओर से पत्र जारी कर सभी संबंधित कर्मियों को शीघ्र जवाब देने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार एवं जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के निर्देश पर पंचायतवार सहायता शिविर के सफल संचालन को लेकर 12 मई 2026 को हरसिद्धि प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में संबंधित सभी कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई थी। इसके बावजूद ग्राम पंचायत राज उज्जैन लोहियार के किसान सलाहकार संतोष पासवान, ग्राम पंचायत राज पानापुर रंजीता के किसान सलाहकार देवेंद्र नाथ के साथ विकास मित्र उषा कुमारी बैठक में अनुपस्थित पाए गए। बीडीओ ने इसे सरकारी कार्य के प्रति लापरवाही और सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन माना है। जारी पत्र में सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे अविलंब अपना स्पष्टीकरण कार्यालय में जमा करें। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में मामले को उच्चाधिकारियों को भेजते हुए नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद प्रखंड कार्यालय में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### भोलेश्वर एचपी गैस एजेंसी, पतिलार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बीएनएम @बगहाः** बगहा अनुमंडल में गैस वितरण व्यवस्था में गड़बड़ी को लेकर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि बगहा अनुमंडल क्षेत्र के चौतरवा स्थित पतिलार में संचालित भोलेश्वर गैस वितरक एजेंसी के खिलाफ चौतरवा थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। एजेंसी पर गैस वितरण में अनियमितता और उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार करने की शिकायत मिली थी। बताते चले की गैस एजेंसी के संचालक के विरुद्ध बीते दिनों लोगों ने चौतरवा-धनहा मुख्य सड़क पर सिलेंडर रखकर अपना विरोध प्रदर्शन किया था। जिला प्रशासन के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिलेभर में 12 हजार 465 गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी कराई गई है। इसे प्रशासन की सक्रियता और बेहतर समन्वय का परिणाम बताया गया है।

### मधुबनी के पूर्व प्रमुख के भाई समाजसेवी यशवंत सिंह की पत्नी का निधन

**बीएनएम @ बगहाः** बगहा पुलिस जिला के गंडक पार स्थित मधुबनी प्रखंड के पूर्व प्रमुख सह धनहा थाना क्षेत्र स्थित रंगलल्ही गांव निवासी समाजसेवी उदय प्रताप सिंह के भाई सामाजिक कार्यकर्ता यशवंत प्रताप सिंह उर्फ गुड्डु सिंह की धर्मपत्नी प्रीति सिंह उर्फ बेबी का निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों के अनुसार बेबी की तबीयत रविवार की रात में अचानक बिगड़ गई। उन्हें गोरखपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान निधन हो गया। अंतिम संस्कार में वाल्मीकि नगर के पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, अजय चौबे, विवेक यदुवंशी, सरपंच दिनेश्वर तिवारी, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल,मुन्ना सिंह, प्रधान प्रतिनिधि जरार उपेंद्र गौतम, समेत सैकड़ो लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार गंडक नदी के पावन तट पर सोमवार की सुबह सम्मान के साथ किया गया। इसमें लोगों की सैकड़ो की संख्या में भीड़ रही।

### 24 घंटे में 8293 सिलेंडरों की होम डिलीवरी

**बीएनएम @ बेतिया।** अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में घरेलू एवं वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। वर्तमान में जिले में 14.2 किलोग्राम के 31,809 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 19 किलोग्राम के 1,312 वाणिज्यिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए गैस वितरण व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से मजबूत किया गया है। प्रशासन की सक्रिय निगरानी एवं बेहतर समन्वय के परिणामस्वरूप पिछले 24 घंटों में जिलेभर में 8,293 गैस सिलेंडरों की सफलतापूर्वक होम डिलीवरी कराई गई है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस बुकिंग, डिलीवरी अथवा आपूर्ति से जुड़ी किसी भी प्रकार की देरी, अनियमितता या शिकायत होने पर वे जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06254-247002 एवं 06254-247003 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# गोपालगंज में बड़ी कार्रवाई, 44 नाबालिग लड़कियां मुक्त, 21 ऑर्केस्ट्रा संचालक गिरफ्तार

बीएनएम @ गोपालगंज





**गोपालगंज।** जिले में मानव तस्करी और बाल श्रम के खिलाफ चलाए जा रहे "ऑपरेशन नया सवेरा 2.0" के तहत गोपालगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न ऑर्केस्ट्रा ग्रुपों पर छापेमारी कर 44 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है। इस दौरान 21 संचालक एवं संचालिकाओं को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक गोपालगंज के निर्देश पर एसोसिएशन फॉर वॉलेंटरी एक्शन टीम, नारायणी सेवा संस्थान एवं गोपालगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने कुचायकोट थाना क्षेत्र में यह अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान विभिन्न ऑर्केस्ट्रा समूहों एवं कार्यक्रम स्थलों पर छापेमारी की गई। पुलिस के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य मानव व्यापार, बाल श्रम और रेड लाइट एरिया एवं ऑर्केस्ट्रा समूह से पीड़ित बालिकाओं की मुक्ति, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन सुनिश्चित करना था। छापेमारी के दौरान अलग-अलग ऑर्केस्ट्रा ग्रुपों से नाबालिग लड़कियों को बरामद किया गया। पुलिस ने जीत ऑर्केस्ट्रा, रजना ऑर्केस्ट्रा, निशा ऑर्केस्ट्रा, सना ऑर्केस्ट्रा, सरगम इवेंट शो, दिल्ली इवेंट शो, प्रकाश ऑर्केस्ट्रा, स्टार म्यूजिकल, आशीष मुस्कान ऑर्केस्ट्रा, सपना ऑर्केस्ट्रा, नेहा ऑर्केस्ट्रा और मनोज ऑर्केस्ट्रा समेत कई समूहों पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कुल 44 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया गया, जबकि 21 संचालक एवं संचालिकाओं को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड और गोपालगंज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। इस मामले में कुचायकोट थाना कांड संख्या 237/26 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। छापेमारी दल में एसोसिएशन फॉर वॉलेंटरी एक्शन टीम नई दिल्ली, नारायणी सेवा संस्थान गोपालगंज, परियोजना अधिकारियों की टीम तथा कुचायकोट थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे। गोपालगंज पुलिस ने महिलाओं एवं नाबालिग लड़कियों के शोषण के खिलाफ "आवाज दो" अभियान के तहत आमजन से सहयोग की अपील की है। पुलिस ने कहा है कि यदि किसी महिला या लड़की के शोषण अथवा मानव तस्करी से जुड़ी सूचना मिले तो हेल्पलाइन नंबर 9031827299 पर जानकारी दी जा सकती है।

## "मेरा प्रखंड मेरा गौरव" प्रतियोगिता में नरकटिया बाजार के अंकित सम्मानित

बीएनएम @छौड़ादानो/मोतिहारी



**छौड़ादानो/मोतिहारी।** पर्यटन विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित "मेरा प्रखंड मेरा गौरव" प्रतियोगिता में छौड़ादानो प्रखंड के नरकटिया बाजार निवासी अंकित कुमार को सम्मानित किया गया। अंकित, रिपुकांत गुप्ता के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में अंकित कुमार ने छौड़ादानो प्रखंड के प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल बैकुंठधाम मंदिर पर विस्तृत आलेख प्रस्तुत किया था। उनके लेख में मंदिर के ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटन महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया था, जिसे पर्यटन विभाग द्वारा चयनित किया गया। पुरस्कार स्वरूप अंकित कुमार को छौड़ादानो के बीडीओ वारिक हुसैन ने प्रशस्ति पत्र एवं दस हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से स्थानीय इतिहास, संस्कृति और पर्यटन स्थलों को नई पहचान मिल रही है। सम्मान प्राप्त करने के बाद अंकित कुमार ने पर्यटन विभाग, बिहार सरकार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी क्षेत्र के इतिहास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करेगा। अंकित की इस सफलता पर नरकटिया बाजार सहित पूरे क्षेत्र के लोगों और शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित

बीएनएम @ रक्सौल



**रक्सौल।** अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में नर्सिंग स्टाफ के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में अनुमंडलीय अस्पताल रक्सौल में उपाधीक्षक डॉ. स्वाति सपन के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. स्वाति सपन ने कहा कि नर्स अस्पताल की रीढ़ की हड्डी होती हैं और मरीजों की देखभाल में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग स्टाफ सदैव मरीजों की सेवा और देखभाल के लिए प्रतिबद्ध रहता है। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग कर्मियों के कार्यों की सराहना की गई तथा स्वास्थ्य सेवा में उनके योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया गया। डॉ. स्वाति सपन ने सभी नर्सिंग कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पूरी दुनिया में नर्सों की मेहनत, सेवा और त्याग को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। कोरोना महामारी के दौरान भी नर्सों ने अपनी जान की परवाह किए बिना मरीजों की सेवा कर मानवता की मिसाल पेश की थी। ऐसे में यह दिन उन सभी स्वास्थ्यकर्मियों को धन्यवाद देने का अवसर है, जो दिन-रात लोगों की जिंदगी बचाने में जुटे रहते हैं। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस हर वर्ष 12 मई को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म हुआ था। उन्होंने नर्सिंग को एक सम्मानजनक पेशे के रूप में पहचान दिलाई। युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की सेवा में उनके योगदान को पूरी दुनिया ने सराहा था। कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रबंधक आशीष कुमार, लिपिक राजेश पांडेय सहित समस्त नर्सिंग स्टाफ एवं अस्पताल कर्मी मौजूद रहे।

## हरसिद्धि प्रखंड कार्यालय में सहयोग शिविर के आवेदनों का एसडीओ ने की समीक्षा

बीएनएम @ अरेराज





**अरेराज।** अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज अंजली शर्मा ने मंगलवार को हरसिद्धि प्रखंड व अंचल कार्यालय पहुंचकर पदाधिकारियों के साथ सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आमजन से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया। समीक्षा बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में आने वाले लोगों की समस्याओं को शालीनतापूर्वक सुना जाए तथा प्राप्त लिखित आवेदनों पर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान करना है। उन्होंने सहयोग शिविर में लंबित मामलों की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए राजस्व, प्रमाण पत्र, भूमि विवाद तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक समय पर पहुंचना चाहिए। इसके लिए सभी कर्मियों को जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक के दौरान अंचलाधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गुलशन कुमार, श्रम पदाधिकारी माशूम राजा, राजस्व अधिकारी रामसेवक पासवान, नरेन्द्र कुमार, मंटू कुमार सहित सभी अंचलकर्मी एवं संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डुमरी में 21 मई से सजेगी रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट की महफिल

बीएनएम @ रामगढ़वा

**रामगढ़वा।** प्रखंड क्षेत्र के डुमरी गांव में आगामी 21 मई से सात दिवसीय भव्य रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। दूधिया रोशनी में होने वाले इस टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। गांव के खेल मैदान पर आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। टूर्नामेंट का संचालन मुख्य आयोजक थारू भाई के नेतृत्व में किया जाएगा। आयोजन को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए अध्यापक अजीत यादव एवं व्यवस्थापक सचिन सिंह अपनी टीम के साथ लगातार तैयारी में जुटे हैं। टूर्नामेंट के सचिव रशीद कमल ने बताया कि प्रतियोगिता में चंपारण की कई मजबूत और चर्चित टीमें भाग लेंगी। सात दिनों तक चलने वाले मुकाबलों में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि मैचों के दौरान दर्शकों के मनोरंजन के लिए मशहूर हिंदी कमेंटेटर आफताब आलम भी मौजूद रहेंगे, जिनकी सजीव कमेंट्री मुकाबलों के रोमांच को और बढ़ाएगी। आयोजकों का कहना है कि इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बड़ा मंच उपलब्ध कराना तथा युवाओं में खेल भावना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। टूर्नामेंट को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में अभी से उत्साह का माहौल है।

## 23 लाख परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : तेजस्वी

बीएनएम @ पटना



**पटना।** नीट 2026 परीक्षा के पेपर लीक आरोपों के बाद परीक्षा रद्द होने से देश में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। 23 लाख से अधिक मेडिकल उम्मीदवारों से जुड़े इस मुद्दे पर बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर तीखा प्रहार किया है। तेजस्वी ने इसे छात्रों के भविष्य के साथ बड़ा खिलवाड़ बताते हुए कहा कि पेपर लीक का यह अंतहीन सिलसिला सरकार की प्रशासनिक विफलता का प्रतीक है। उन्होंने भाजपा सरकारों की कार्यक्षमता और इच्छाशक्ति पर सवाल उठाते हुए तंज कसा कि क्या सरकार एक पारदर्शी परीक्षा आयोजित करने के लायक भी नहीं बची है।तेजस्वी यादव ने पुनर्परीक्षा के आर्थिक और मानसिक बोझ का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि 552 शहरों में दोबारा परीक्षा आयोजित होने से न केवल छात्रों और अभिभावकों को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ेगी, बल्कि देश के संसाधनों का भी भारी नुकसान होगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री से जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग करते हुए आरोप लगाया कि सरकार का ध्यान जनहित के बजाय केवल विपक्ष को निशाना बनाने और संस्थानों का दुरुपयोग करने पर केंद्रित है। तेजस्वी के अनुसार, सत्ता के संरक्षण में फल-फूल रहे इस भ्रष्टाचार ने देश की शिक्षा व्यवस्था की साख पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# "नेपाल से शराब लाओ, तभी जाने देंगे..." किसान के आरोप से सीमा पर मचा हड़कंप

### एसएसबी जवान पर शराब मंगाने, गाली देने और अपमानित करने का आरोप, डीजी तक पहुंचा मामला

बीएनएम @ घोड़ासाहन @ विक्की विजेंद्र

**घोड़ासाहन।** भारत-नेपाल सीमा से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने सीमाई इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। घोड़ासहन प्रखंड के जमुनिया गांव निवासी किसान धनंजय कुमार ने सशस्त्र सीमा बल (SSB) के एक जवान पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए सीधे डीजी एसएसबी, नई दिल्ली, आईजी पटना और 71वीं बटालियन पिपराकोठी के कमांडेंट को आवेदन भेजकर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि इन आरोपों मे कितनी सच्चाई है ये जाँच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा, इस मामले मे किसी अधिकारी का ब्यान भी नहीं आ सका है. आवेदन में लगाए गए आरोपों के मुताबिक, धनंजय कुमार सब्जी की खेती करते हैं और रोज की तरह 11 मई की सुबह करीब 5 बजे झरोखर बॉर्डर होते हुए नेपाल के नरवास बाजार सब्जी बेचने जा रहे थे। इसी दौरान सीमा चौकी के पास तैनात एक जवान ने उन्हें रोक लिया। किसान का आरोप है कि जवान की वर्दी पर नेम प्लेट तक नहीं लगी थी। धनंजय के अनुसार, जब उन्होंने बताया कि वे बाजार जा रहे हैं और उनका घर जमुनिया है, तो जवान अचानक भड़क गया। आवेदन में लिखा गया है कि जवान ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि "तुम लोग रातभर आते-जाते रहते हो, नींद हराम कर दिए हो... वापस जाओ, 7 बजे के बाद आना।" लेकिन मामला यहीं नहीं रुका। किसान ने अपने आवेदन में दावा किया है कि जवान ने नेपाल से शराब की बोतल लाने का दबाव बनाया और कहा कि "मेरे पीने के लिए एक बोतल शराब लेकर आओ, पैसा मैं दे दूंगा, तभी जाने देंगे।" धनंजय का कहना है कि उन्होंने बिहार में शराबबंदी का हवाला देते हुए शराब लाने से मना कर दिया। बस फिर क्या था, आरोप है कि जवान आगबबूला हो गया और हाथ में मौजूद जग का पानी उनके शरीर पर फेंक दिया तथा गंदी गालियां देते हुए वापस लौटा दिया। किसान ने आवेदन में यह भी दावा किया है कि इस तरह की घटनाएं इलाके के कई स्थानीय लोगों के साथ हो चुकी हैं, लेकिन डर और कार्रवाई के भय से कोई खुलकर सामने नहीं आता। अब यह पत्र सोशल मीडिया और सीमाई गांवों में तेजी से चर्चा का विषय बन गया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि यदि आरोप सही हैं तो यह केवल एक किसान का अपमान नहीं, बल्कि सीमा सुरक्षा बल की छवि पर भी बड़ा सवाल है। हालांकि, आरोपों में कितनी सच्चाई है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## उम्मीद पर जल्द ही पानी फिर गया

अमेरिका ने ऐसा रुख अपनाया है, जैसे दोनों पक्षों के बीच युद्ध कभी हुआ ही नहीं हो! उधर ईरान का नजरिया है कि 39 दिन के युद्ध ने समीकरण बदल दिए हैं और वह अपनी बात मनवाने की स्थिति में है। ईरान और अमेरिका/ इजराइल के शांति समझौते की दिशा में बढ़ने की जागी उम्मीद पर जल्द ही पानी फिर गया। ईरान के होरमुज डलडमरूमध्य को फिर से बंद करने के बाद अब दोनों तरफ से मोर्चाबंदी तेज होने की खबरें हैं। लेबनान में युद्धविराम लागू होने और उसके बाद ईरान के होरमुज जल मार्ग को खोलने का एलान करते ही जिस तरह डॉनल्ड ट्रंप ने ताबड़तोड़ सोशल मीडिया पोस्ट डाले, संकेत हैं कि उनसे बात फिर बिगड़ गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने संभवतः वैसे दावे भी कर दिए, जिन पर सहमति नहीं बनी थी और जिनसे ईरान के समर्पण कर देने का संदेश जाता था। नतीजतन, ईरान ने जवाबी कार्रवाई कर दी। वैसे भी दोनों पक्षों के आकलन में खाई इतनी चौड़ी है कि किसी जल्द समाधान की गुंजाइश नहीं बनती। पहले इस्लामाबाद में हुई प्रत्यक्ष वार्ता और फिर पाकिस्तान की मध्यस्थता में जारी परोक्ष बातचीत में अमेरिका ने इस तरह रुख अपनाया है, जैसे दोनों पक्षों के बीच युद्ध कभी हुआ ही नहीं हो! उधर ईरान का नजरिया ऐसा है कि 39 दिन के युद्ध ने समीकरण बदल दिए हैं और अब वह अपनी बातें मनवाने की स्थिति में है। ईरान इस नतीजे पर था कि उसके दबाव में अमेरिका ने लेबनान में युद्धविराम के लिए इजराइल को मजबूर किया। इसके बाद होरमुज जल मार्ग को सशर्त खोल कर उसने अगली सौदेबाजी की जमीन तैयार की। मगर, ट्रंप ने होरमुज की नौसैनिक घेराबंदी जारी रखने का एलान कर ईरान के इस कदम को निष्प्रभावी कर दिया। साथ ही उन्होंने दावा किया कि ईरान अपना संवर्धित यूरेनियम किसी अन्य देश को सौंपने पर राजी हो गया है। संकेत हैं कि इससे ईरान में इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आआरजीसी) और सख्त रुख रखने वाले अन्य समूहों में तीखी प्रतिक्रिया हुई। इससे कूटनीतिक नजरिया अपना रहे ईरानी अधिकारी सख्त रुख अपनाने पर मजबूर हो गए। इस तरह फिर से युद्ध का साया लौट आया है। ये लड़ाई दुनिया में गंभीर किस्म का ऊर्जा एवं आर्थिक संकट पहले ही खड़ा कर चुकी है। अब ये फिर तेज हुई, तो संकट और भयानक रूप ग्रहण कर सकता है।

## कहो तो कह दूं- झालमुड़ी ने कभी सोचा नहीं होगा कि वो सरकार भी बनवा सकती है...

**चैतन्य भट्ट**

बंगाल विधानसभा चुनावों में झालमुड़ी पर जितनी चर्चा हुई उतनी और किसी बात पर नहीं हुई। ये झालमुड़ी बंगाल का मुरमुरे, कच्चे सरसों के तेल, भुनी मूंगफली, प्याज, हरी मिर्च और कई तरह के मसालों को मिलाकर तुरंत बनाया जाने वाला प्रसिद्ध तीखा और चटपटा स्ट्रीट फूड है। बंगाली भाषा में झाल मतलब तीखा और मुड़ी मतलब मुरमुरा। समझ लो कि भेलपूरी की तरह ही होता है लेकिन इसमें सरसों के तेल का इस्तेमाल इसे बंगाली स्वाद देता है। पेट के लिए हल्का होता है और स्वाद में एकदम धमाकेदार। कलकत्ता ही नहीं लगभग पूरे बंगाल में जगह जगह इसकी दूकानें मिलती हैं।

हुआ यूं कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ऐसे ही एक झालमुड़ी स्टाल पर पहुंच गए। दस रुपए की झालमुड़ी खाई और लगे हाथ अपने चिर-परिचित अंदाज में दूकान वाले से कुछ बातें भी कर डालीं। बस इतना सा मामला राजनीतिक व्यंग्य और चुनावी कूटनीति का सबसे तीखा हथियार बन गया। सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई और खुद ममता बैनर्जी भी अपने भाषणों में इसकी चर्चा करना नहीं भूलीं। इस दस रुपए की मुई झालमुड़ी ने हिंदू मुस्लिम, बेरोजगारी, गरीबी, रेवड़ी और पता नहीं क्या क्या , सबको पीछे छोड़ दिया।

बहरहाल चुनाव के नतीजे आए और भाजपा की शानदार जीत ने दीदी के अरमानों पर पानी फेर दिया। विपक्ष का एकक्षत्र नेता बनकर प्रधानमंत्री मोदी का विकल्प बनने का ख़्वाब देख रहीं ममता दीदी के पांव अपनी खुद की जमीन से उखड़ गए। भारतीय लोकतंत्र की शाश्वत परंपरा निभाते हुए अब जहां देखो बंगाल चुनाव की चर्चा है। तरह तरह की व्याख्याएं हो रही हैं और इस विजय की प्रमुख सूत्रधार रही झालमुड़ी पर चर्चा लगातार जारी है

, अपन को लगता है कि घाघ नेता अगले चुनावों की रणनीति में स्थानीय व्यंजनों को शामिल करने की होड़ में जुट गए हैं। सूचियां बनने लगी हैं कि किस राज्य से क्या उठाया जाए ?मंगोडे, फुल्की, पकौड़ी, भाजीबड़ा, आलू बंडा, सगोड़ा, गटपट, चाट,भेलपुरी, डोसा, समोसा वाले अपने अपने ठेले चमकाने में लग गए हैं। क्या भरोसा कल किस्मत मेहरबान हो जाए और दस रूपए की बिक्री के साथ प्रधानमंत्री मोदी से मन की बात करने का मौका भी हाथ लग जाए। वैसे एक बात तो है कि झालमुड़ी ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि वो अपने दम कर किसी राज्य में सरकार भी बनवा सकती है

अब व्यवहार सिखा रहे है

केंद्रीय कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि अधिकारियों को सांसद और विधायकों के साथ व्यवहार का तरीका सिखाया जाए। 75 से अधिक वर्षों के प्रजातंत्र में अचानक यह आवश्यकता क्यों आन पड़ी, यह शोध का विषय है। लगता है कि हाल ही में नेताओं और अफसरों के बीच टकराव के बढ़ते मामलों को गंभीरता से लिया गया है। ऐसे निर्देश पिछले चार महीने में दूसरी बार जारी हुए हैं। निर्देशों को जिला स्तर तक के हर अधिकारी तक पहुंचाने के आदेश है। इसका मतलब है कि अफसरों पर इन निर्देशों का कोई असर नहीं हुआ दरअसल अफसर सोचता है कि ये सांसद और विधायक एक टेंपररी फेस है पांच साल बाद कौन कन्हा होगा ये तो वे भी नहीं जानते लेकिन अपन को तो तीस पैंतीस साल राज करना है इसलिए इनको काहे को तवज्जो दें।

ये बात सही है कि लोकतंत्र में जनमत से चुने गए सांसद और विधायक निस्संदेह महत्वपूर्ण हैं। मगर कार्यपालिका और सरकारी अफसरों, कारिंदों का भी अपना महत्व है जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। यह कार्यपालिका ही है जो शासन की जनोपयोगी नीतियों को अमली जामा पहनाती है। इन दोनों व्यवस्थाओं में टकराव नीतियों का क्रियान्वयन प्रभावित करता है। बीच में वह आम आदमी पिसता है जिसके पैसे से विधायिका और कार्यपालिका दोनों का निजाम चलता है।

यह टकराव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और अफसरों के टकराव तक ही सीमित नहीं है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि बनने से चूक गए बड़े स्तर के नेताओं को तो छोड़िए छुटभैया नेता भी अफसरों के साथ टकराव से बाज नहीं आते। चुनाव बिसात और पार्टियों की अंदरूनी राजनीति में इनका अपना महत्व होता है सो संग्राम में कूद पड़ना निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की मजबूरी बन जाती है। सरकार ने चुने हुए जन प्रतिनिधियों की सुध तो ले ली। अपन का सोचना है कि अब पार्टियों को भी अपने कार्यकर्ताओं को अफसरों के साथ गरिमामय व्यवहार का तरीका सिखाने के लिए दिशानिर्देश जारी करना चाहिए। जरूरी है कि ऐसे व्यर्थ के टकराव टाले जाएं और बजाय लड़ाई झगड़ों के सब मिलकर उस आम आदमी के लिए काम करें जो बीच में व्यर्थ ही पिसता है। लेकिन ऐसा होगा नहीं क्योंकि जनता तो उस गेहूं की तरह है जिसे चक्की के दोनों पाटों के बीच पिसना पड़ता है और वो ऐसे ही पिसती रहेगी

पिता तो पिता ही होता है

लोग बाग बड़ा हल्ला मचा रहे हैं कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा से परिवारवाद के घोर विरोधी रहे तो फिर उन्होंने अपने बेटे को बिहार सरकार में मंत्री क्यों बनवा दिया? अरे भैया ये तो सोचो बाप आखिर बाप ही होता है हर बाप का यही सपना होता है कि उसका बेटा कहीं ना कहीं सेट हो जाए और फिर राजनीति तो ऐसी चीज है कि भले ही आपको कुछ आता हो या ना आता हो अगर आपके पिता राजनीति में बड़े ओहदे पर हैं तो समझ लो आपका तो फ्यूचर बन गया, नीतीश कुमार भी आखिरकार एक पिता हैं जब तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे तब तक बेटे को लेकर निश्चिंत थे लेकिन जब से बिहार से नाता टूटा है तब से उनको यही चिंता लग रही होगी कि मेरे बेटे का क्या होगा? भले ही वे जिंदगी भर परिवारवाद के विरोध में रहे हों लेकिन जब अपने पर आती है तो सारे विरोध गायब हो जाते हैं । जनता दल यू वाले सफाई दे रहे हैं की भाई वो तो पार्टी के कार्यकर्ताओं की मांग थी की निशांत जी को राजनीति में आना चाहिए ,चलो मान भी ले उनकी बात ,तो संगठन में आ जाते हैं जनता दल यू तो बहुत बड़ा दल है कुछ साल एक कार्यकर्ता की तरह पार्टी की सेवा करते लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे थे तो सीधे मंत्री बन गए । वैसे अपने को इससे कोई शिकायत नहीं है क्योंकि डॉक्टर का बेटा डॉक्टर, वकील का बेटा वकील, व्यापारी का बेटा व्यापारी, अफसर का बेटा अफसर बनता है तो फिर मुख्यमंत्री का बेटा यदि मंत्री बन गया तो इसमें काहे का ऐतराज लेकिन ये बात अलग है कि डॉक्टर के बेटे को डॉक्टरी पास करने के लिए पांच साल लगते हैं वकील के बेटे को भी एलएलबी करने में पांच साल लगते हैं व्यापारी का बेटा बचपन से दुकान बैठता है तब व्यापारी बन पाता है अफसर का बेटा भी पीएससी, यूपीएससी पास करता है तब अफसर बन पाता है लेकिन नेता का बेटा हजारों कार्यकर्ताओं के सिर पर पैर रखकर सीधा विधायक मंत्री सांसद बन जाता है बस इतना फर्क है। और वो ही निशांत कुमार ने किया।

सुपर हिट ऑफ द वीक

श्रीमती जी उदास बैठी थी श्रीमान जी ने पूछा क्या बात है तबियत ठीक नहीं है डाक्टर को दिखाया या नहीं दिखाया था श्रीमती जी ने कहा क्या कहा डाक्टर ने श्रीमान जी ने पूछा कह रहा था खून में शॉपिंग की कमी है श्रीमती जी का उत्तर था

## समाजदर्शनों में आत्मा का स्वरूप

**संजय गोस्वामी**

जीव अर्थात् जीता है, जीवत्व और आयुष्य कर्म का अनुभव करता है, इससे प्राणी का नाम जीव है-जाहा जीवेति, जीवत्तं, आउयं, च कम्मं उपजीवति तम्हा 'जीवे' त्ति वत्तत्वं सिया भगवती सूत्र में जीव के तेईस नाम बताये गए हैं1-1. जीव, 2. जीवास्तिकाय, 3. प्राण,4. भूत, 5. सत्व, 6. विज्ञ, 7. वेद, 8. चेता 9. जेता, 10. आत्मा,11. रंगण, 12. हिंडुक, 13. पुद्गल, 14. मानव, 15. कत्ता, 16. विकर्ता, 17. जगत्, 18. जन्तु, 19. योनि, 20. स्वयंभूत, 21. सशरीरी, 22. नायक और 23. अन्तरात्मा।

जीव-जीने का अर्थ है-''प्राणों का धारण करना''। जीवत्व का अर्थ है-उपयोग, ज्ञान और दर्शन सहित होना। आयुष्य कर्म के अनुभव का अर्थ है-निश्चित जीवन अवधि का उपयोग। जितने भी संसारी जीव हैं, सब प्राण सहित हैं। ज्ञान और दर्शन जो जीव मात्र के स्वाभाविक गुण हैं। हर एक प्राणी की अपनी-अपनी आयुष्य होती है। इस तरह जीते रहने से प्राणी जीव कहलाता है। जीव अपने कर्मानुसार अनेक देह धारण करता है। परन्तु छोटे से छोटे और बड़े से बड़े शरीर में भी उसके असंख्यात प्रदेशीपन में कमी या अधिकता नहीं होती। चींटी और हाथी दोनों के जीव असंख्यात प्रदेशी हैं। आत्मा-चैतन्य लक्षण, चैतन्य स्वरूप या चैतन्य गुण पदार्थ का नाम आत्मा है। ऐसी आत्माएँ अनन्त है। उनकी सत्ता स्वतंत्र है। वे किसी दूसरी आत्मा या परमात्मा के अंश नहीं हैं। प्रत्येक आत्मा की चेतना अनन्त होती है, अनन्त प्रमेयों को जानने में सक्षम होती है। चैतन्य स्वरूप की दृष्टि से सब आत्माएँ समान होती हैं, किन्तु चेतना का विकास सबमें समान नहीं होता।चैतन्य विकास के तारतम्य का निमित्त कर्म है। प्राण-जीव श्वास निःश्वास करता है, इससे वह प्राणी है। आत्मा ही कत्ता है। कत्ता का अर्थ है-कर्मों का कत्ता-कत्त ति कत्ता कर्मणाम्। ''आत्मसिद्धि'' नामक पुस्तक में कहा गया है-जड़ में चेतना नहीं होती, केवल जीव में ही चेतना होती है। बिना चेतन प्रेरणा के कर्म,



कर्म का बंधन कैसे होगा? अतः जीव ही कर्म का बंधन करता है, क्योंकि चेतन प्रेरणा जीव के ही होती है। जब तक जीव कर्म बंधन करता है, तभी कर्म बंध होते हैं। कर्म करना जीव की इच्छा पर रहने से यह भी नहीं कहा जा सकता कि आत्मा सहज स्वभाव से ही कर्मों का कत्ता है। इससे यह सिद्ध हुआ कि कर्म करना जीव का आत्म-धर्म नहीं है, क्योंकि ऐसे होने से कर्म का बंधन उसकी इच्छा पर निर्भर नहीं करता, यह भी कहना ठीक नहीं है कि जीव असंग है और केवल कर्म प्रवृत्तियां ही कर्म-बंध करती हैं, ऐसा होता तो जीव का असली स्वरूप कभी का मालूम हो जाता। कर्म करने में ईश्वर की भी कोई प्रेरणा नहीं हो सकती, क्योंकि ईश्वर सम्पूर्ण शुद्ध स्वभाव का होता है। उसमें इस प्रेरणा का आरोपण करने से तो उसे ही सदोष ठहरा देना होगा। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ''आत्मा ही कर्मों का बंधन करता है।जब जीव अपने चैतन्य स्वभाव में रमण करता है तो वह अपने शुद्ध स्वभाव का कत्ता होता है और जब विभाव भाव में रमण करता है तो कर्मों का कत्ता कहलाता है।''प्रागैतिहासिक काल की घटना है। जैन धर्म के आदि तीर्थंकर भगवान् ऋषभ इसधरती पर थे। एक दिन उनके अट्ठानवे पुत्र मिलकर आये। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की-''भरत ने हम सबके राज्य छीन लिये हैं। हम अपना राज्य पाने की इच्छा लिए आपकी शरण में आये हैं।'' भगवान् ने कहा-''मैं तुम्हें वह राज्य तो नहीं दे सकता किन्तु ऐसा राज्य दे सकता हूँ, जिसे कोई छीन न सके।'' पुत्रों ने पूछा-''वह राज्य क्या है?''भगवान् ने कहा-''वह राज्य है-आत्मा की उपलब्धि''।पुत्रों ने पूछा-वह कैसे हो सकती है?तब भगवान् ने कहा-

संबुज्झह किं न बुज्झह, सेवोहि खलु पेच्च दुल्लहा।

नो हू वणमंति राइयो, णो सुलभं पुणराति जीवियं।।

''संबोधि को प्राप्त करो। तुम संबोधि को प्राप्त क्यों नहीं कर रहे हो। बीती रात लौटकर नहीं आती। यह मनुष्य जीवन भी बार-बार सुलभ नहीं है।''

जैन धर्म के साथ सम्बोधि का प्रागैतिहासिक सम्बन्ध है। संबोधि क्या है? वह है आत्म-मुक्ति का मार्ग। सब मार्ग जो हमें आत्मा की सम्पूर्ण स्वाधीनता की ओर ले जाते हैं, एक शब्द में संबोधि कहलाते हैं। बोधि के तीन प्रकार हैं-ज्ञान बोधि, दर्शन बोधि, चारित्र बोधि। जैन दर्शन का यह अभिमत है कि हम कोरे ज्ञान से मुक्ति को नहीं पा सकते, कोरे दर्शन और चारित्र से भी उसे नहीं पा सकते।उसकी प्राप्ति तीनों के समवाय से अर्थात् अविकल सम्बोधि से हो सकती है। जैन धर्म के मुख्य सिद्धान्त हैं-1. आत्मा है।2. उसका पुनर्जन्म होता है।3. वह कर्मों की कत्ता है।4. वह कृत कर्म के फल का भोक्ता है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज आपका दिन आत्मविश्वास से भरा रहने वाला है। आज व्यवसाय में किसी नए काम की शुरुआत होगी, परंतु अभी अधिक लाभ की उम्मीद ना रखकर पूरी तरह से मेहनत करें। और स्टाफ के साथ मित्रवत व्यवहार रखें। ऑफिस में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली से कंपनी को फायदा होगा। आज दांपत्य जीवन सुखद और मधुरता पूर्ण हो सकता है। आज नजदीकी लोगों के साथ मेल मुलाकात और मनोरंजन संबंधी कामों में समय अच्छा बीतेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज बिजनेस में लेनदेन बहुत सोच-विचार कर करेंगे, जल्दबाजी नहीं करेंगे। किसी प्रकार की भी पार्टनरशिप करने की योजना को आज स्थगित करना पड़ सकता है। आज आपके वित्तीय मामलों में सुधार आएगा। बैंकिंग सेक्टर में काम कर रहे लोग अपना टारगेट पूरा कर लेंगे।

**मिथुन राशिः** आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। अगर आप नया काम शुरू करना चाहते हैं, तो घर में बात करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको अपने प्रयासों और परिश्रम के उचित से परिणाम हासिल होंगे। नौकरी कर रहे लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार की जिम्मेदारी दे जा सकती है। आज माता-पिता का सहयोग मिलने से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा जिससे वे खूब मन लगाकर पढ़ाई करेंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके शानदार रहने वाला है। आज आपके लिए व्यावसायिक मामलों में परिस्थितियों के अनुसार व्यवस्था बनाए रखना जरूरी होगा। अपने संपर्कों को और अधिक मजबूत करें, इससे अच्छे अनुबंध मिल सकते हैं। सरकारी दफ्तर में सेवारत लोगों को अपने काम के प्रति आज वफादार रहने की जरूरत है। आज पति-पत्नी के बीच उचित सामंजस्य रहेगा। बच्चों के लिए मनोरंजक प्रोग्राम भी बन सकता है।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर में माहौल खुशनुमा रहेगा। कुछ समय अपने लिए जरूर निकालें। आज व्यवसाय को लेकर की गई मेहनत आपकी तरक्की के द्वार खोलने वाली है। सहकर्मियों के साथ संबंध अच्छा रखें। पार्टनरशिप संबंधी व्यवसाय में आपसी तालमेल में कुछ दिक्कतें आ सकती हैं। ऑफिस के फाइनेंस संबंधी कार्यों को करते समय सावधानी बरतने की जरूरत है।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं जो वाकई उम्दा होगे। आज आपका का दिन प्रसन्नता और स्फूर्ति से भरा रहेगा। परिवार जनों के साथ किसी विशेष मुद्दे को लेकर सकारात्मक वार्तालाप भी होगा। आपकी योग्यता और काबिलीयत की समाज और रिश्तेदारों के बीच सराहना होगी।

**तुला राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे,। आज अपने व्यक्तिगत जीवन से जुड़ा फैसला लेने का अनुकूल समय है। आपकी निपुणता और योग्यता लोगों के सामने आएगी। लाभदायक समय बना हुआ है। आपके नेतृत्व में सोसाइटी संबंधित विशेष गतिविधि पूरी होगी। बच्चों की किसी उपलब्धि से आप गर्वित महसूस करेंगे। किसी भी तरह के निराशाजनक विचारों को स्वयं पर हावी न होने दे।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज अपने संपर्क बढ़ाने पर जोर देंगे यह आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज कुछ पुरानी समस्या का समाधान मिल जाने से मानसिक रूप से बहुत ही सुकून और राहत मिलेगी। विद्यार्थियों को भी अपने किसी उपलब्धि से आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपकी क्रिएटिविटी सराहनीय रहेगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज किसी विशेष काम को लेकर किए गए प्रयासों का प्रतिफल आपको मिलने वाला हैं। उधार दिया हुआ अथवा फसा हुआ पैसा भी मिल सकता है। अध्ययनरत युवाओं को प्रोफेशनल पढ़ाई में उचित सफलता मिल सकती है। अगर घर परिवर्तन संबंधी योजना बना रहें हैं, तो आज उस पर अमल अवश्य करें।

**मकर राशिः** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा अवश्य बनाये। साथ ही नकारात्मक चीज़ों से अपने आपको बचाने की कोशिश करें।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं, यह यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप सक्रिय और सकारात्मक रहने तथा योजनाबद्ध तरीके से दिनचर्या व्यवस्थित करने में सफल रहेंगे। सामाजिक सेवार्थ में दिन का अधिकतर समय बीतेगा। साथ ही महत्वपूर्ण लोगों से लाभदायक संपर्क भी बनेंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन बीतने वाला है। कलात्मक कार्यों में आज आपकी रुचि बढ़ेगी। पढ़ाई में छात्रों के लिए यह समय जी-जान लगाकर पढ़ने का है। आज नये प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

## बढ़ते अपराध और अपराधमुक्त समाज निर्माण की चुनौती

**ललित गर्ग**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़े केवल सांख्यिकीय दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे हमारे समाज के उस अंधेरे और भयावह चेहरे को सामने लाते हैं, जिसे अक्सर विकास, आधुनिकता और राजनीतिक उपलब्धियों की चमक में छिपा दिया जाता है। वर्ष 2024 के अपराध आंकड़ों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक स्तर पर चाहे जितनी प्रगति कर रहा हो, लेकिन सामाजिक और नैतिक स्तर पर अनेक गंभीर चुनौतियों से घिरा हुआ है। जब देश में हर 17 मिनट में हत्या, हर पांच मिनट में अपहरण, हर 18 मिनट में बलात्कार और लगभग हर दो मिनट में आर्थिक अपराध या धोखाधड़ी हो रही हो, तब यह केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि यह पूरे सामाजिक ढांचे, नैतिक मूल्यों और प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा हो जाता है। आज हम विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और 2047 तक विश्वगुरु भारत का सपना देख रहे हैं। लेकिन यह सपना तभी साकार हो सकता है, जब समाज भयमुक्त, हिंसामुक्त और अपराधमुक्त बने। अपराधों से ग्रस्त समाज कभी स्वस्थ, संतुलित और आदर्श समाज नहीं बन सकता। यदि समाज का वातावरण असुरक्षा, भय, अविश्वास और हिंसा से भरा होगा, तो विकास की सारी योजनाएं खोखली सिद्ध होंगी। एनसीआरबी के आंकड़े हमें चेतावनी दे रहे हैं कि यदि समय रहते अपराधों की जड़ों को नहीं पहचाना गया और उन पर कठोर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह स्थिति भविष्य में और अधिक विस्फोटक हो सकती है। विशेष चिंता का विषय महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध हैं। राजस्थान का लगातार छठे वर्ष महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में शीर्ष पर बने रहना अत्यंत चिंताजनक है। बलात्कार के मामले में यह पहले स्थान पर, जबरन गर्भपात में दूसरे और भ्रूण हत्या में तीसरे स्थान पर है। विवाह के लिए महिलाओं के अपहरण के मामलों में भी राजस्थान चैथे नंबर पर है। इस अपराध में बिहार टॉप, यूपी दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर है। बिहार 'पकड़वा विवाह' के लिए भी बदनाम है, जिसमें पुरुषों का अपहरण कर जबरन शादी कर दी जाती है। यदि प्रति लाख आबादी के लिहाज से हत्या की दर का विश्लेषण किया जाए तो झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य टॉप पर हैं और उत्तर प्रदेश जैसा बड़ा और अपराधों के लिए अक्सर चर्चा में रहने वाला राज्य 12वें स्थान पर। इस मामले में मध्यप्रदेश छठे और राजस्थान सातवें पायदान पर खड़ा है। बलात्कार, भूरण हत्या, जबरन गर्भपात और विवाह के लिए अपहरण जैसी घटनाएं यह बताती हैं कि सामाजिक चेतना और नैतिक संस्कारों में गंभीर गिरावट आई है। महिलाओं के प्रति सम्मान, संवेदना और सुरक्षा की भावना कमजोर हुई है।

यह विडंबना ही है कि एक ओर हम 'नारी शक्ति' और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान चला रहे हैं, वहीं दूसरी ओर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के आंकड़े भयावह रूप लेते जा रहे हैं। यह केवल कानून की कमजोरी नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता की विकृति का भी परिणाम है। आज अपराध का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। पहले अपराध सड़कों और गलियों तक सीमित थे, लेकिन अब इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने अपराध को नया चेहरा दे दिया है। साइबर अपराध, डिजिटल फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी और डेटा चोरी जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। यह 'सॉफ्टवेयर क्राइम' का नया युग है, जहां अपराधी बिना हथियार और बिना जोखिम उठाए करोड़ों की ठगी कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि अब केवल परंपरागत पुलिसिंग से काम नहीं चलेगा। पुलिस और जांच एजेंसियों को डिजिटल फॉरेंसिक, साइबर सुरक्षा और डेटा एनालिटिक्स जैसे आधुनिक साधनों से लैस करना होगा। अपराध की नई दुनिया से लड़ने के लिए नई सोच और नई तकनीक की जरूरत है। हालांकि कुछ संगीन अपराधों में मामूली कमी दर्ज की गई है, लेकिन इसे बहुत बड़ी उपलब्धि मान लेना आत्मप्रवंचना होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि नई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू होने के बाद कई अपराधों को संज्ञेय अपराधों की सूची से हटाया गया है, जिससे आंकड़ों में कमी दिखाई दे रही है। इसलिए अपराध के आंकड़ों का केवल सतही अध्ययन पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी गहराई से समीक्षा और विश्लेषण आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि अपराध केवल कानूनी समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक कारणों से पैदा होने वाली जटिल चुनौती है। अपराध के बढ़ने में सबसे बड़ा कारण नशा है। आज तो महिलाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति अधिक चिन्ताजनक है। सबसे गंभीर संकेत विद्यार्थियों और बेरोजगार युवाओं में बढ़ती आत्महत्याओं के मामले हैं। यह स्थिति बताती है कि समाज में निराशा, असुरक्षा और भविष्य के प्रति अनिश्चितता का वातावरण गहराता जा रहा है। बेरोजगारी, प्रतिस्पर्धा, शिक्षा का बढ़ता दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएं और सामाजिक तुलना युवाओं को मानसिक तनाव की ओर धकेल रही हैं।

जब युवा अपने जीवन को अर्थहीन समझने लगें, तब यह केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं होती, बल्कि राष्ट्र के भविष्य के लिए खतरे की घंटी होती है। इसलिए अपराध और आत्महत्या जैसी समस्याओं को केवल पुलिस या अदालतों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। इसके लिए शिक्षा, परिवार, समाज और शासन-सभी को मिलकर काम करना होगा। अपराध बढ़ने के पीछे एक बड़ा कारण नैतिक मूल्यों का क्षरण भी है। उपभोक्तावाद, भौतिकता और त्वरित सफलता की अंधी दौड़ ने व्यक्ति को संवेदनहीन और स्वार्थी बना दिया है। आज सफलता का मापदंड केवल पैसा और शक्ति बन गया है। जब समाज में ईमानदारी, संयम, करुणा और नैतिकता की जगह छल, लालच और प्रतिस्पर्धा ले लेते हैं, तब अपराध स्वाभाविक रूप से बढ़ते हैं। परिवारों में संवाद कम हुआ है, संस्कार कमजोर हुए हैं और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना घटती जा रही है। सोशल मीडिया और मनोरंजन के अनेक माध्यमों ने भी हिंसा, अश्लीलता और त्वरित लाभ की मानसिकता को बढ़ावा दिया है। ऐसे में नई पीढ़ी का भटकना स्वाभाविक हो जाता है।

यह भी सच है कि कई बार अपराधियों में कानून का भय समाप्त होता जा रहा है। मुकदमों का वर्षों तक लंबित रहना, राजनीतिक संरक्षण, भ्रष्टाचार और कमजोर जांच व्यवस्था अपराधियों के मनोबल को बढ़ाते हैं। यदि अपराधी यह महसूस करने लगें कि वे आसानी से बच सकते हैं, तो अपराधों पर नियंत्रण कठिन हो जाता है। इसलिए न्याय व्यवस्था को तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनाना समय की मांग है। अपराध के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनानी होगी। कानून का भय तभी स्थापित होगा, जब अपराधी को शीघ्र और निष्पक्ष दंड मिलेगा। लेकिन केवल सरकार और पुलिस को दोष देकर समाज अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकता। अपराधमुक्त समाज का निर्माण सामूहिक चेतना और सामाजिक सहभागिता से ही संभव है। समाज सुधारकों, शिक्षकों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और परिवारों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। बच्चों और युवाओं में नैतिक शिक्षा, संवेदनशीलता, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों का विकास करना होगा। समाज को ऐसी सकारात्मक दिशा देनी होगी, जहां व्यक्ति केवल अधिकारों की नहीं, बल्कि कर्तव्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भी चिंता करे।

आज आवश्यकता केवल अपराध रोकने की नहीं, बल्कि अपराध पैदा करने वाली परिस्थितियों को समाप्त करने की है। गरीबी, बेरोजगारी, नशाखोरी, अशिक्षा, सामाजिक असमानता, पारिवारिक विघटन और मानसिक तनाव जैसी स्थितियां अपराध की जमीन तैयार करती हैं।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसार:-9931408109 ईमेल:-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# मिचेल मार्श की कप्तानी में पाकिस्तान और बांग्लादेश का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

**एजेंसी, सिडनी**



ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम मिचेल मार्श की कप्तानी में पाकिस्तान और बांग्लादेश का दौरा करेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अब तक टी20 टीम की कप्तानी कर रहे मार्श को अब एकदिवसीय की भी कमान सौंपी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस माह पाकिस्तान में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। इसके बाद उसे बांग्लादेश में तीन एकदिवीसय और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के कई खिलाड़ी अभी आईपीएल खेलने में व्यस्त हैं। ऐसे में मार्श को अवसर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज जबकि बांग्लादेश में 3-3 मैचों की एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलेगी। मार्श की टीम लखनऊ सुपरजायंटस आईपीएल से पहले ही बाहर हो गयी है। ऐसे में मिचेल पूरे समय के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए उपलब्ध रहेंगे और इस कारण से भी उन्हें कप्तानी मिली है। वहीं, नियमित कप्तान पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क जैसे कई प्रमुख खिलाड़ी आईपीएल की व्यस्तताओं के चलते इन दौरों से बाहर रहेंगे। ये खिलाड़ी 31 मई तक आईपीएल में व्यस्त रह सकते हैं। मार्श के अलावा जोश इंग्लिस भी तीनों दौरों के लिए उपलब्ध हैं, क्योंकि उनकी आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स भी प्लेऑफ से बाहर हो गई है। हालांकि, कैमरून ग्रीन, जिनकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में है चयन समिति ने उन्हें टीम में जगह दी है। वहीं युवा प्रतिभाओं को अवसर देते हुए, अंडर-19 टीम के कप्तान ओली पीक को पाकिस्तान दौरे के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया है। वह बांग्लादेश दौरे का हिस्सा नहीं होंगे, क्योंकि आईपीएल में शामिल अन्य खिलाड़ी तब तक टीम से जुड़ जाएंगे। ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस, जो एकदिवसीय क्रिकेट से अलविदा कह चुके हैं, को टी20 टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा अनुभवी स्टीव स्मिथ भी इस बार टीम से बाहर हैं। वहीं, ट्रैविस हेड, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस और ज़ेवियर बार्टलेट आईपीएल प्ले ऑफ मैचों के कारण पाकिस्तान दौरे के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। हालांकि, वे 9 जून से शुरू होने वाली बांग्लादेश सीरीज के लिए एकदिवसीय टीम से वापस जुड़ जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों की उपलब्धता और सीरीज के प्रारुप के अनुसार दोनों दौरों के लिए अलग-अलग टीमें घोषित की हैं। पाकिस्तान में एकदिवसीय सीरीज के लिए मिचेल मार्श की कप्तानी में एलेक्स कैरी, मार्नस लाबुशेन, मैथ्यू रेनशॉ और एडम जैम्पा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ नाथन एलिस और ओली पीक जैसे युवा चेहरों को शामिल किया गया है।

## गावस्कर को पंजाब और बेंगलुरु के बीच फाइनल होने की उम्मीद

**एजेंसी, मुम्बई**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि इस बार पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल फाइनल में पहुंचेगी। गावस्कर के अनुसार खेल में मिली हार भी कभी-कभी किसी टीम के लिए लाभदायक साबित होती है, इसलिए पिछले एक दो मैचों में हार से भी पंजाब की दावेदारी कमजोर नहीं हुई है । उन्होंने कहा, मैं अब भी पंजाब किंग्स का समर्थन करूंगा। कई बार कुछ हार टीम को बेहतर तरीके से अपने को तैयार करने का अवसर देती हैं। इससे खिलाड़ी भी अति आत्मविश्वास से बचते हैं। उन्होंने कहए कि दिल्ली कैपिटल्स के पास भी इस सत्र में जीत के कई अवसर थे पर उसने उन्हें गंवा दिया। पंजाब किंग्स इससे सबक लेते हुए अब कोई गलती नहीं करना चाहेगी। पंजाब किंग्स ने सत्र की शुरुआत से ही प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए शुरुआती सात मैचों में जीत हासिल की थी। हालांकि, इसके बाद टीम को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है पर इसके बाद भी 13 अंकों के साथ टीम अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। वहीं आरसीबी ने हाल ही में मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर दो विकेट से जीत दर्ज कर समीकरण पूरी तरह बदल दिए हैं। इस महत्वपूर्ण जीत के साथ, आरसीबी अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है, उसने 11 मैचों में अपनी सातवीं जीत हासिल की और प्लेऑफ की ओर मजबूती से कदम बढ़ाए हैं। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस बाहर हो गयी है। गावस्कर ने मुंबई इंडियंस के बाकी बचे मुकाबलों को लेकर कहा, टी200 क्रिकेट में उतार-चढ़ाव आम बात है। सत्र समाप्त खत्म होने के बाद टीम को अपनी गलतियों का आंकलन चाहिए। लेकिन फिलहाल मुझे लगता है कि सीनियर खिलाड़ियों ने अपना पूरा योगदान दिया है। उन्होंने सुझाव दिया, अब बाकी मैचों में युवा खिलाड़ियों को मौका देना सही रहेगा।

## कुश्ती महासंघ पर भड़की विनेश, मुझे खेल छोड़ने मजबूर किया जा रहा

**एजेंसी, गोंडा**



ओलंपियन महिला पहलवाल विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर आरोप लगाये हैं कि उन्हें खेल से बाहर करने के प्रयास चल रहे हैं। विनेश ने कहा है कि कुश्ती महासंघ उन्हें जानबूझकर परेशान कर रहा है ताकि वह खेल छोड़ दें। विनेश ने कहा है कि वह इसके बाद भी खेल नहीं छोड़ेगी और अपनी ओर से संघर्ष करती रहेंगी। विनेश का प्रयास गोंडा में आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट से वापसी का था पर कुश्ती महासंध ने उन्हें अयोग्य घोषित कर रोग दिया। महासंघ ने डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास से वापसी करने वाले खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य छह महीने के नोटिस समय की बात कहते हुए उन्हें 26 जून 2026 तक के लिए अयोग्य ठहराया है। विनेश प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचीं और दावा किया कि वह मुकाबले में वापसी के योग्य हैं पर महासंघ के अधिकारियों ने उनको अवसर देने से साफ इंकार कर दिया। महासंघ के अधिकारियों से मुलाकात के बाद विनेश ने कहा, आप मुझसे क्या उम्मीद करते हैं? क्या मैं संन्यास ले लूं और दूर हो जाऊं? हार मान लूं? जिससे कि मेरे खिलाफ उनकी साजिश कामयाब हो जाए? वे चाहते हैं कि मैं कुश्ती छोड़ दूं, मैं थक जाऊं, मैं हाथ जोड़ लूं और चली जाऊं। उन्होंने कहा कि महासंघ के कारण बताओ नोटिस पर उन्होंने अपना जवाब भी दे दिया है।

## बीसीसीआई ने धीमी ओवर गति के लिए अक्षर पर जुर्माना लगाया

**एजेंसी, धर्मशाला**

दिल्ली कैपिटल्स की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली जीत का जश्न मना भी नहीं पायी कि टीम के कप्तान अक्षर पटेल पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लग गया है। आईपीएल ने मंगलवार सुबह एक बयान जारी कर अक्षर पर जुर्माना लगाये जाने की पुष्टि की है। इस बयान में कहा गया, "यह इस सत्र में उनकी टीम का पहला अपराध था, जो आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत आता है और न्यूनतम ओवर गति से संबंधित है। इसलिए अक्षर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।" इस मैच में दिल्ली ने 211 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज थी। दिल्ली ने 19वें ओवर में तीन विकेट से जीत हासिल की। यह इस सत्र में उनकी पांचवीं जीत है। इसके साथ ही टीम के 12 मैचों में 10 अंक हो गए हैं। इस जीत से कैपिटल्स अंक तालिका में एक स्थान के लाभ के साथ ही सातवें स्थान पर पहुंच गई है। अक्षर ने इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार अर्धशतक लगाया। कैपिटल्स से पहले भी इस सत्र में धीमी ओवर गति के लिए कई टीमों के कप्तानों पर जुर्माना लगा है।

## उर्विल भविष्य में बेहतर बल्लेबाज बनेंगे : हरभजन

**एजेंसी, मुम्बई**



दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के युवा बल्लेबाज उर्विल पटेल की बल्लेबाजी की जमकर सराहना की है। उर्विल ने हाल ही में आईपीएल 2026 के एक अहम मुकाबले में सीएसके की लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हरभजन ने कहा कि उर्विल में दबाव के बीच भी अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है। उनकी निडर बल्लेबाजी से मैच का रुख बदल गया। इससे साफ है कि वह आने वाले समय में एक बेहतरीन खिलाड़ी बनेंगे। हरभजन उर्विल की बल्लेबाजी शैली से खासे प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि युवा बल्लेबाज शुरुआत से ही अपनी रणनीति को लेकर बिल्कुल स्पष्ट थे। हरभजन ने कहा, पहले छह छक्कों को देखकर लगा कि उन्होंने सिर्फ एक ही क्षेत्र को निशाना बनाने का फैसला किया था। जिस तरीके से उन्होंने एक कठिन पिच पर बड़े शॉट खेले उससे उनकी असाधारण क्षमता का अंदाजा होता है। वह निश्चित रूप से भविष्य में एक बेहतरीन खिलाड़ी साबित होंगे।उर्विस की बेतरीन पारी से ही ये मैच सीएसके के पाले में आया। यह उर्विल पटेल की आक्रामक बल्लेबाजी ही थी जिसने पूरे मैच का रुख सीएसके की ओर किया। उनकी विस्फोटक पारियों ने विरोधी गेंदबाजों पर जबरदस्त दबाव बनाया और CSK को एक कठिन स्थिति से निकालकर जीत की राह पर मजबूती से आगे बढ़ाया।

# बिजनेस

## भारत की मेजबानी में शुरू हुआ किम्बर्ले प्रोसेस का अंतरसत्रीय सत्र, मुंबई में चार दिन चलेगी बैठक

### किम्बर्ले प्रोसेस की बैठक निगरानी, अनुपालन और टिकाऊ हीरा व्यापार पर केंद्रित

**एजेंसी, मुंबई**




देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मंगलवार को भारत की अध्यक्षता में किम्बर्ले प्रोसेस (केपी) की अंतरसत्रीय बैठक शुरू हुई, जो 14 मई तक चलेगी। 4 दिवसीय इस बैठक में किम्बरली प्रोसेस के प्रतिभागियों, पर्यवेक्षकों और दुनिया भर के उद्योग हितधारकों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया है, ताकि प्राकृतिक हीरों के वैश्विक व्यापार से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जा सके।

भारत ने अपनी अध्यक्षता में मुंबई में किम्बरली प्रोसेस (केपी) इंटरसेशनल मीटिंग का उद्घाटन किया। केपी चेयर 2026 सुचिंद्र मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किम्बर्ले प्रोसेस ने शांति को बढ़ावा देने, आजीविका की रक्षा करने और उत्पादक देशों के बीच वैध हीरा व्यापार को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अपने संबोधन में इस प्रणाली में विश्वास को और मजबूत करने, प्रतिभागियों के बीच सहयोग बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में किम्बर्ले प्रोसेस प्रासंगिक और प्रभावी बना रहे। उन्होंने यह भी बताया कि प्राकृतिक हीरे टिकाऊ उत्पाद हैं और किम्बर्ले प्रोसेस विश्व स्तर पर सबसे प्रगतिशील प्रमाणन प्रणालियों में से एक बना हुआ है।

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक अंतरसत्रीय बैठक के दौरान आगामी दिनों में विभिन्न कार्य समूहों और समितियों की चर्चाएं और बैठकें होंगी। इस दौरान होने वाले विचार-विमर्श किम्बर्ले प्रोसेस प्रमाणन योजना के कार्यान्वयन, निगरानी और अनुपालन तंत्र, पारंपरिक और जलोढ़ हीरे के उत्पादन, सांख्यिकी और प्राकृतिक हीरा मूल्य श्रृंखला में विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से किए गए उपायों पर केंद्रित होंगे। अंतरसत्रीय बैठक की कार्यवाही 14 मई तक जारी रहेगी। इस बैठक में भाग लेने वाले देशों, उद्योग निकायों और नागरिक समाज समूहों के वैश्विक प्रतिनिधि एक साथ आए, ताकि ज़िम्मेदार और टिकाऊ हीरा व्यापार के भविष्य पर चर्चा की जा सके। मंत्रालय ने कहा कि इस बैठक में प्रतिभागियों और पर्यवेक्षकों को वैध तरीके से प्राप्त प्राकृतिक हीरों में उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाने के लिए उभरती चुनौतियों और सहयोगात्मक दृष्टिकोणों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिलने की भी उम्मीद है। अंतर-सत्रीय बैठक में भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, किम्बर्ले प्रोसेस में भाग लेने वाले प्रतिनिधि, विश्व हीरा परिषद के सदस्य, नागरिक समाज गठबंधन के सदस्य और अन्य हितधारक भाग ले रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के संकल्प 55/56 (2000) के तहत स्थापित किम्बर्ले प्रोसेस प्रमाणन योजना (केपीसीएस) एक अंतरराष्ट्रीय पहल है। इसका उद्देश्य संघर्ष वाले क्षेत्रों से अवैध तरीके से प्राप्त हीरों का वैध हीरा व्यापार में प्रवेश रोकना है। अभी किम्बर्ले प्रोसेस में 60 प्रतिभागी 86 देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनमें यूरोपीय संघ और उसके सदस्य देश एकल समूह के रूप में शामिल हैं।

## मूडीज रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6 फीसदी किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**




पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने 2026 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 0.8 फीसदी घटाकर छह फीसदी कर दिया है। यह कटौती निजी खपत और औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती के साथ-साथ ऊंची ऊर्जा लागत के कारण की गई है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को जारी अपनी 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक' के मई संस्करण में कहा है कि अगले छह महीनों में ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी तथा ईंधन एवं उर्वरक की कमी का असर विभिन्न देशों में अलग-अलग होगा जो उनकी निर्भरता तथा लचीलेपन पर निर्भर करेगा।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य अत्यधिक अनिश्चित बना हुआ है, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की स्थिति नाजुक है। ऐसे में हम भारत के लिए वृद्धि दर में करीब 0.8 प्रतिशत अंक तक की गिरावट का अनुमान लगाते हैं। इसके अलावा मूडीज रेटिंग्स ने 2027 (कैलेंडर वर्ष) के लिए भी भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 0.5 फीसदी अंक घटाकर छह फीसदी कर दिया है। एजेंसी के अनुसार ऊर्जा आपूर्ति में सुधार और शिपिंग प्रवाह के सामान्य होने के साथ ये दबाव धीरे-धीरे कम होंगे एवं आर्थिक गतिविधियां सुधरेंगी। मूडीज रेटिंग ने इसके साथ ही कहा कि भारत ऊंची तेल कीमतों के प्रति ''विशेष रूप से संवेदनशील'' है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 90 फीसदी आयात करता है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।

## देश के पास 69 दिन का कच्चा तेल और 45 दिन का एलपीजी भंडार मौजूद : पुरी

### हरदीप पुरी ने कहा-एलपीजी उत्पादन बढ़ाकर 54 हजार टन प्रतिदिन किया गया

**एजेंसी, नई दिल्ली**




केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत ने अपने घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) उत्पादन को 35-36 हजार टन से बढ़ाकर 54 हजार टन प्रतिदिन कर दिया है। उन्होंने कहा कि देश के पास 69 दिन का कच्चे तेल एवं एलएनजी तथा 45 दिन का एलपीजी का भंडार मौजूद है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि उत्पादन में बढ़ोतरी देश की ऊर्जा ज़रूरतों को सुरक्षित करने और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण आपूर्ति में आई रुकावटों की भरपाई करने के लिए एक रणनीतिक कदम है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मितव्ययिता उपाय अपनाने की अपील को सतर्कता बरतने के संकेत के रूप में लिया जाना चाहिए और पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न राजकोषीय दबाव को कम करने के उपायों पर विचार शुरू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मितव्ययिता की अपील पश्चिम एशिया में जारी संकट से उत्पन्न राजकोषीय दबाव को कम करने के उपायों पर विचार शुरू करने का संकेत है। दरअसल हैदराबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, शहरों में मेट्रो का इस्तेमाल बढ़ाने, कारपूलिंग अपनाने, इलेक्ट्रिक वाहनों का ज्यादा इस्तेमाल करने, पार्सल परिवहन के लिए रेलवे सेवाओं का उपयोग करने और 'वर्क फ्रॉम होम' अपनाने की सलाह दी थी।

## देश के विद्युत क्षेत्र को मजबूत करने के 21 वर्ष पूरे होने का मनाया गया जश्न

**एजेंसी, नई दिल्ली** । विनियामक मंच ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में अपनी 100वीं बैठक के साथ देश के विद्युत क्षेत्र को मजबूत करने के 21 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। 2005 में स्थापित इस मंच ने बिजली क्षेत्र में सुधार, टैरिफ युक्तिकरण और नीतिगत समन्वय में अहम भूमिका निभाई। विनियामक मंच ने आज भारत मंडपम में सफलतापूर्वक अपनी 100वीं बैठक आयोजित की, जो इसकी 21 वर्षों की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वर्ष 2005 में स्थापित 'विनियामक मंच' एक वैधानिक मंच के रूप में कार्य करता है, जो विद्युत क्षेत्र में विनियामक प्रथाओं के समन्वय और सुधार के लिए केंद्रीय और राज्य विद्युत विनियामक आयोगों को एक साथ लाता है। विद्युत मंत्रालय ने बताया कि इन वर्षों में इस मंच ने 71 अध्ययन, 55 क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए हैं, 25 आदर्श विनियम जारी किए हैं और 6 तकनीकी समिति रिपोर्ट व 37 कार्य समूह रिपोर्ट प्रस्तुत की हैं। इन पहलों ने देश में विद्युत क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा, भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन और टीईआरआई के विशिष्ट वक्ता श्री अजय शंकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 768.84 अंक टूटा


**एजेंसी, नई दिल्ली**



हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान पर खुला। पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार में भारी गिरावट दर्ज की गई है। बााजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट दिखी रही है। सेंसेक्स में 768 अंकों की गिरावट है, जबकि निफ्टी में 210 अंकों की गिरावट है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 768.84 अंक यानी 1.01 फीसदी की गिरावट के साथ 75,246.44 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 210.05 अंक यानी 0.88 फीसदी फिसलकर 23,605.80 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार विदेशी फंड्स की लगातार हो रही निकासी और अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता पर छाए संकट ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर कर दिया है। पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव एवं समझौते की उम्मीदें धूमिल होने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा है। वहीं, भारतीय मुद्रा रुपया आज शुरुआती कारोबार में 35 पैसे टूटकर अबतक के सबसे निचले स्तर 95.63 पर पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ था। सेंसेक्स 1,313 अंक की गिरावट के साथ 76,015 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 360 अंक की गिरावट के साथ 23,815 पर बंद हुआ था।

# अक्षय ने केरल शेड्यूल पूरा करने के बाद करवाई सर्जरी

बॉ बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने व्यस्त शूटिंग शेड्यूल के बावजूद हाल ही में आंख की सर्जरी करवाई है। इस काम के लिए अभिनेता ने छोटा ब्रेक लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता ने यह सर्जरी केरल में अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद करवाई। इस फिल्म में उनके साथ विद्या बालन और राशि खन्ना भी नजर आने वाली हैं। बताया जा रहा है कि यह एक मामूली सर्जरी थी, जो दृष्टि सुधार यानी विजन करेक्शन के लिए की गई। सर्जरी 6 मई की सुबह हुई और अब अभिनेता कुछ समय आराम करेंगे। सूत्रों के अनुसार, अक्षय कुमार ने अपने केरल शेड्यूल को पूरा करने के बाद ही सर्जरी का फैसला लिया ताकि शूटिंग पर असर न पड़े। अभिनेता लंबे समय से लगातार फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त रहे हैं, लेकिन इस बार उन्होंने अपनी सेहत को प्राथमिकता देते हुए आराम करने का निर्णय लिया। सर्जरी से ठीक एक दिन पहले अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी शूटिंग पूरी होने की जानकारी साझा की थी। उन्होंने लिखा कि केरल में शानदार लोगों के साथ खूबसूरत लोकेशन पर काम करना बेहतरीन अनुभव रहा। अभिनेता ने निर्देशक अनीस बज्मी, सह-कलाकार विद्या बालन, राशि खन्ना, राजपाल यादव और पूरी टीम का धन्यवाद भी किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनके लिए बेहद खास रही है। अक्षय कुमार इन दिनों अपने अनुशासित जीवनशैली को लेकर भी सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में एक टीवी शो में उन्होंने खुलासा किया था कि उन्होंने पिछले 15 वर्षों से समोसा नहीं खाया है। अभिनेता ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि अगर कोई समोसा नहीं खाता तो इसका मतलब यह नहीं कि वह कुछ गलत कर रहा है। अभिनेता सौरभ शुक्ला ने भी अक्षय कुमार की खानपान की आदतों की तारीफ की। एक पॉडकास्ट में उन्होंने कहा कि अक्षय सीमित मात्रा में बेहद साधारण और पारंपरिक भारतीय खाना खाते हैं। उनके अनुसार, अभिनेता अपनी फिटनेस और दिनचर्या को लेकर काफी अनुशासित हैं।





# धर्म करते हैं तो कर्म छूटता है, 'कर्तव्य का ट्रेलर हुआ रिलीज

## इंस्पेक्टर के रोल में धाकड़ नजर आए सैफ अली खान

सैफ सैफ अली खान की नई क्राइम ड्रामा फिल्म कर्तव्य का धांसू ट्रेलर आज जारी कर दिया गया है। ट्रेलर में टेंशन और नैतिक उलझनों से भरी दुनिया दिखाई गई है। इसमें सैफ अली खान के अलावा रसिका दुगल, संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन, मनीष चौधरी और सौरभ द्विवेदी जैसे शानदार कलाकार हैं। नेटफ्लिक्स ने आज सैफ अली खान की नई फिल्म कर्तव्य का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह एक क्राइम ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सैफ अली खान एक पुलिस अधिकारी पवन का रोल निभा रहे हैं। पवन अपने फर्ज और परिवार के बीच फंसा हुआ है। सैफ अली खान पुलिस अधिकारी पवन की भूमिका में हैं। ड्यूटी के दौरान एक पत्रकार उनकी निगरानी में गोली लगकर मर जाता है। इसके बाद पवन जांच के घेरे में आ जाता है। सीनियर अधिकारियों का दबाव बढ़ता जाता है और पवन हमलावर को पकड़ने के चक्कर में फंसता चला जाता है। इसके साथ ही उसके भाई से जुड़े एक मामले में परिवार को धमकी मिलती है। पवन सिस्टम और घर दोनों जगह फंस जाता है। फर्ज और परिवार के बीच वह मुश्किल चुनाव करने को मजबूर हो जाता है। हर फैसले की कीमत चुकानी पड़ती है। पुलकित के निर्देशन में बनी कर्तव्य को गौरी खान ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। गंभीर माहौल और मजबूत किरदारों के साथ कर्तव्य, सही-गलत जैसे मुद्दों पर बात करती है। कर्तव्य नेटफ्लिक्स पर 15 मई को रिलीज होगी।

# अनोखे 'मेट गाला' अवतार में दिख रहे गजराज और नीना गुप्ता


सो सोशल मीडिया पर इन दिनों चैटजीपीटी और एआई टूल्स की बढ़ती लोकप्रियता के बीच 'मेट गाला' से जुड़ा एक नया ट्रेंड तेजी से वायरल हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अब लोगों की कल्पनाओं को नई उड़ान देने लगा है।मेट गाला में सितारे अपने अनोखे फैशन स्टाइल से सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं आम सोशल मीडिया यूजर्स और सेलिब्रिटीज भी एआई की मदद से खुद के 'मेट गाला' लुक तैयार कर रहे हैं। इसी ट्रेंड में अब अभिनेता गजराज राव भी शामिल हो गए हैं। गजराज राव ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें उनके साथ अभिनेत्री नीना गुप्ता भी नजर आ रही हैं। खास बात यह है कि इन तस्वीरों को एआई की मदद से तैयार किया गया है। तस्वीरों में दोनों कलाकारों को बेहद ग्लैमरस और अनोखे 'मेट गाला' अवतार में दिखाया गया है। गजराज राव भारी-भरकम और अजीबोगरीब डिजाइन वाले कोट में नजर आ रहे हैं, जबकि नीना गुप्ता का लुक किसी हॉलीवुड फैशन आइकन से कम नहीं लग रहा। एआई से बनाए गए इन लुक्स में इतनी बारीकी और परफेक्शन है कि पहली नजर में वे बिल्कुल असली दिखाई देते हैं। इन तस्वीरों को साझा करते हुए गजराज राव ने मजेदार अंदाज में लिखा, "अगर किसी दूसरी दुनिया में मिस्टर और मिसेज कौशिक को मेट गाला का निमंत्रण मिलता, तो आपको क्या लगता है कि उनका कौन-सा लुक सबसे ज्यादा चर्चा में रहता?" उनके इस कैप्शन ने फैंस को और भी ज्यादा आकर्षित किया। सोशल मीडिया पर लोग इन तस्वीरों पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और दोनों कलाकारों के मजाकिया अंदाज की खूब तारीफ कर रहे हैं। नीना गुप्ता ने भी इस पोस्ट पर हंसने वाले इमोजी के जरिए अपनी प्रतिक्रिया दी, जबकि अभिनेत्री मोना सिंह ने हार्ट इमोजी पोस्ट कर दोनों के लुक्स की सराहना की। गजराज राव और नीना गुप्ता की जोड़ी पहले भी फिल्मों में दर्शकों का दिल जीत चुकी है। दोनों ने 'बधाई हो' और 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' जैसी फिल्मों में साथ काम किया था। इन फिल्मों में उन्होंने एक पारंपरिक मध्यमवर्गीय दंपति का किरदार निभाया था, जिसे दर्शकों ने बेहद पसंद किया।



# 'इश्क दम और इडली रसम' में दिखेगा प्यार और संस्कृति का मेल

अ अपनी नई वेब सीरीज 'इश्क दम और इडली रसम' को लेकर अभिनेत्री सुरभि चंदना काफी उत्साहित हैं। सुरभि का कहना है कि यह सीरीज सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि प्यार, परिवार, भावनाओं और सांस्कृतिक विरासत का खूबसूरत उत्सव है। इस खास प्रोजेक्ट में वह सिर्फ अभिनय ही नहीं कर रही हैं, बल्कि एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में भी जुड़ी हुई हैं।

बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले बनी यह सीरीज दर्शकों को दक्षिण भारतीय खाने की खुशबू, रिश्तों की गर्माहट और यादों से भरी एक भावनात्मक यात्रा पर ले जाएगी। सीरीज की कहानी एक पुराने साउथ इंडियन रेस्टोरेंट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो समय और परिस्थितियों से संघर्ष कर रहा है। कहानी के केंद्र में मीरा नायर नाम की एक युवा शेफ है, जिसका किरदार अभिनेत्री शाइनी दोशी ने निभाया है। मीरा अपने दिवंगत पिता की विरासत को संभाल रही है और उसके लिए यह रेस्टोरेंट सिर्फ कारोबार नहीं, बल्कि भावनाओं और पारिवारिक मूल्यों का हिस्सा है। वह मानती है कि खाना केवल स्वाद नहीं, बल्कि सेवा, अपनापन और जिम्मेदारी का प्रतीक होता है। कहानी में नया मोड़ तब आता है जब अर्जुन ठाकुर की एंट्री होती है, जिसका किरदार अभिनेता अभिषेक कुमार निभा रहे हैं। अर्जुन एक प्रतिभाशाली शेफ और निवेशक है, जो रेस्टोरेंट को फिर से खड़ा करने का सपना दिखाता है। हालांकि उसकी सोच और काम करने का तरीका मीरा की दुनिया को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखता है। इसी टकराव और भावनात्मक संघर्ष के बीच रिश्तों, सपनों और बदलाव की कहानी आगे बढ़ती है। सुरभि चंदना ने इस प्रोजेक्ट को अपने करियर का बेहद खास पड़ाव बताया है। उन्होंने कहा कि इस शो से वह शुरुआत से ही भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई थीं। उनके मुताबिक कैमरे के पीछे रचनात्मक प्रक्रिया का हिस्सा बनना उनके लिए एक बेहद खूबसूरत अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि यह शो सादगी और अपनापन से भरी कहानी है, जो दर्शकों के दिलों को छू लेगी। वहीं अभिनेता अभिषेक कुमार ने कहा कि यह कोई साधारण प्रेम कहानी या शेफ ड्रामा नहीं है। उनके अनुसार इस शो में खाना लोगों की भावनाओं, उनके अतीत और रिश्तों को समझने का माध्यम बनता है। उन्होंने अर्जुन के किरदार को अब तक निभाए गए सबसे चुनौतीपूर्ण किरदारों में से एक बताया। अपकमिंग वेब सीरीज 'इश्क दम और इडली रसम' 11 मई से यूट्यूब पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में शाइनी दोशी और अभिषेक कुमार के अलावा नेहा लक्ष्मी अय्यर, अमन सिंह, प्रेरणा सहगल, विजया लक्ष्मी गुरव और करण खन्ना भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# नितिन और वी.आई. आनंद की अनोखी साइंस-फाई एंटरटेनर नितिन 36 की घोषणा, शूटिंग जल्द शुरू होगी



शा शानदार परफ़ॉर्मर नितिन ने एक रोमांचक नए प्रोजेक्ट के लिए साइन किया है, जिसका नाम अभी नितिन36 रखा गया है। इसे इनोवेटिव फ़िल्ममेकर वीआई आनंद डायरेक्ट करेंगे और इसे सफल प्रोडक्शन हाउस श्रीनिवासा सिल्वर स्क्रीन बैनर के तहत श्रीनिवासा चिट्टूरी बड़े पैमाने पर प्रोड्यूस करेंगे, और पवन कुमार फ़िल्म को पेश करेंगे। इस साइंस-फ़िक्शन एंटरटेनर की घोषणा आज रथसप्तमी के मौके पर की गई। अपने खास सब्जेक्ट्स और ज़बरदस्त कहानी कहने के अंदाज़ के लिए मशहूर, वीआई आनंद इस महत्वाकांक्षी नए प्रोजेक्ट के साथ क्रिएटिव सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो एक क्रेज़ी सिनेमैटिक अनुभव देने का वादा करता है। ऊरू पेरू भैरवकोना के बाद, यह दूरदर्शी डायरेक्टर एक हाई-कॉन्सेप्ट साइंस-फिक्शन एंटरटेनर के साथ दर्शकों को एक बार फिर लुभाने की तैयारी कर रहा है।

इसमें और भी रोमांच जोड़ते हुए, फिल्म में टैलेंटेड नितिन लीड रोल में नज़र आएंगे। अपनी वर्सेटिलिटी और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जाने जाने वाले नितिन के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने से इंडस्ट्री में ज़बरदस्त चर्चा हो रही है। इस प्रोजेक्ट को बड़े पैमाने पर सपोर्ट कर रहा है श्रीनिवासा सिल्वर स्क्रीन, एक ऐसा बैनर जिसने लगातार क्वालिटी सिनेमा दिया है। प्रोड्यूसर श्रीनिवासा चिट्टूरी इस फिल्म को फाइनेंस कर रहे हैं और अच्छे सिनेमा के प्रति उनका प्यार इस प्रतिष्ठित कोलैबोरेशन में देखा जा सकता है। 25 जनवरी, 2026 को रथसप्तमी के शुभ अवसर पर आधिकारिक तौर पर घोषित की गई यह फिल्म जल्द ही फ्लोर पर जाने वाली है। एक काबिल एक्टर, एक इनोवेटिव डायरेक्टर और एक प्रतिष्ठित प्रोडक्शन हाउस के एक साथ आने से, यह साइंस-फिक्शन एंटरटेनर एक संभावित ब्लॉकबस्टर और नितिन के करियर के सबसे बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट्स में से एक बनने जा रहा है। नितिन36 की कास्ट और टेक्निकल क्रू के बारे में और डिटेल्स जल्द ही बताई जाएंगी।

# नहीं थम रही भूत बंगला की आंधी, 150 करोड़ पार पहुंची फिल्म की कमाई

अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला का बॉक्स ऑफिस पर जलवा अभी भी बरकरार है. फिल्म 22 दिन बाद भी शानदार परफॉर्म कर रही है. फिल्म ने चौथे शुक्रवार को भी धांसू कमाई की, जिसके बाद इसका टोटल कलेक्शन 150 करोड़ के पार पहुंच गया है. आपको बता दें कि फिल्म को 16 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और फिल्म थिएटर पर आते ही छा गई थी. वहीं, ये कोविड-19 के बाद अक्षय कुमार की तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसर फिल्म भी बन चुकी है. अक्षय की फिल्म भूत बंगला ने 22वें दिन यानी चौथे शुक्रवार की कमाई पैट्रियट और धुरंधर 2 से ज्यादा रही. हालांकि, राजा शिवाजी से इसकी कमाई कम रही. लेकिन फिल्म की कमाई की रफ्तार अभी भी थमने का नाम नहीं ले रही है. - सैकनिल्क के अनुसार, भूत बंगला ने 22वें दिन 1.75 करोड़ की कमाई की, जिस पर 10.0त्न ऑक्यूपेंसी भी दर्ज की गई है. - फिल्म की कुल कमाई 151.75 करोड़ (इंडिया नेट कलेक्शन) तक पहुंच गई है. इसके साथ ही इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 233.01 करोड़ पहुंच गया है. इसके साथ ही अगर भूत बंगला की हर हफ्ते की कमाई के बारे में बात की जाए तो सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने पहले हफ्ते 84.40 करोड़, दूसरे हफ्ते 43.85 करोड़ और तीसरे हफ्ते 21.85 करोड़ का बिजनेस किया. भूत बंगला कोविड-19 के बाद अक्षय कुमार तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसर फिल्म बन चुकी है. सैकनिल्क के अनुसार, पहली सूर्यवंशी (293 करोड़), दूसरी हाउसफुल 5 (288.65 करोड़), तीसरी भूत बंगला (228 करोड़), चौथी ओएमजी 2 (221.75 करोड़) और पांचवी जॉली एलएलबी 3 (171.65 करोड़) है. बहरहाल, अगर फिल्म भूत बंगला के बारे में बात की जाए तो इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ ही वामिका गब्बी, असरानी, परेश रावल और राजपाल यादव जैसे कलाकार अहम रोल में हैं. फिल्म की कहानी एक महल पर आधारित है, जो अक्षय का पुश्तैनी होता है. फिल्म की कहानी इसी महल के इर्द-गिर्द घूमती है. इसका निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है. प्रियदर्शन और अक्षय की जोड़ी ने करीब 14 साल बाद पर्दे पर वापसी की है.



# चाय के शौकीन हैं? इन 5 गलतियों से बचें, स्वास्थ्य पर पड़ सकता है बुरा असर

चाय चाय का स्वाद और उसके फायदे सभी को भाते हैं। लेकिन, चाय पीने का तरीका और समय इसका असर बदल सकता है। कई लोग बिना सोचे-समझे चाय का सेवन करते हैं, जिससे सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। आइए आज हम आपको चाय पीने से जुड़ी कुछ सामान्य गलतियों के बारे में बताते हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक हो सकती हैं। खाली पेट चाय पीना एक आम गलती है, जिसे कई लोग अनजाने में करते हैं। इससे पेट में जलन, गैस और खट्टी डकार जैसी समस्याएं हो सकती हैं। खाली पेट चाय पीने से शरीर में खट्टापन बढ़ जाता है, जो पाचन पर असर डालता है। इसके अलावा यह आपके ऊर्जा स्तर को भी कम कर सकता है। इसलिए हमेशा नाश्ता करने के बाद ही चाय का सेवन करें ताकि पेट में स्थिरता बनी रहे। चाय में चीनी मिलाना आम बात है, लेकिन इसका अधिक सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। ज्यादा चीनी मिलाने से वजन बढ़ सकता है, दांतों में सड़न हो सकती है और मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा ज्यादा मीठी चाय पीने से शरीर में सूजन भी हो सकती है। इसलिए कोशिश करें कि चाय में कम से कम चीनी मिलाई जाए या फिर चीनी के विकल्प जैसे शहद या गुड़ का इस्तेमाल करें। दूध वाली चाय का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है, लेकिन इसका अधिक सेवन नुकसान पहुंचा सकता है। ज्यादा दूध वाली चाय पीने से शरीर में चर्बी की मात्रा बढ़ सकती है, जिससे वजन बढ़ने का खतरा रहता है। इसके अलावा इससे पाचन पर भी बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए दिन में एक या दो कप ही दूध वाली चाय का सेवन करें और बाकी समय हर्बल या बिना दूध वाली चाय पिएं। देर रात चाय पीने से नींद पर बुरा असर पड़ता है। कैफीन युक्त चाय पीने से नींद जल्दी नहीं आती और अगर आती भी है तो बार-बार टूट जाती है। इससे अगली सुबह थकान महसूस होती है और दिनचर्या प्रभावित होती है। इसके अलावा देर रात चाय पीने से पाचन पर भी असर होता है, जिससे नींद की समस्या बढ़ सकती है। बेहतर होगा कि रात का खाना खाने के बाद कम से कम 2 घंटे तक चाय न पिएं। चाय बनाते समय पानी को ज्यादा देर तक न उबालें और न ही उसमें ज्यादा देर तक चायपत्ती छोड़ें। इससे न केवल उसका स्वाद बिगड़ जाता है, बल्कि उसमें मौजूद पोषक तत्व भी कम हो जाते हैं। बेहतर होगा कि आप चाय को हल्का ही उबालें और उसमें चायपत्ती को ज्यादा देर तक न छोड़ें। इससे आपकी चाय स्वादिष्ट बनेगी और उसमें मौजूद पोषक तत्व भी बरकरार रहेंगे।





# Show us a single project not opposed by environmentalists, green lobby: Supreme Court





**New Delhi, Agency:** Refusing to entertain a plea against expansion of Pipavav port in Gujarat faulting the environmentYou want to stall everything in the name of environment'

A bench of CJI Surya Kant and Justice Joymlaya Bagchi said the Environment Impact Assessment (EIA) report had found the apprehensions baseless and the National Green Tribunal also has since given a considered opinion green lighting the port expansion.

When Shenoy continued to emphasise that the NGT did not consider a series of deficiencies in the EIA report, the bench said port development activities are required for the development of the country. "You want to stall everything in the name of the environment. How can the country develop without infrastructure? No doubt precautionary measures are essential. But tell us where else the depth of the sea permits big ports as in Gujarat," it asked.

"Where else can such ports be set up? Do you want the port related economic activities to go to other countries," the bench asked. While refusing to entertain the appeal against NGT order, it permitted the environmentalist to approach western zone NGT at Pune again pointing out the non-consideration of his objections to the project.

# FIR filed against SP MP Ajendra Singh Lodhi over derogatory remarks against PM Modi



**New Delhi, Agency:** An FIR has been registered against Samajwadi Party MP Ajendra Singh Lodhi at Kotwali Nagar police station in Uttar Pradesh's Mahoba district on Tuesday, over derogatory remarks against Prime Minister Narendra Modi. According to news agency PTI, the case was filed on the complaint of BJP leader Satyendra Pratap Gupta following controversial comments made by the MP during a protest in Mahoba. Lodhi had participated in a demonstration led by Samajwadi Party leaders to submit a memorandum to the governor over issues including power cuts, installation of smart metres and rising inflation.

**Video of remarks sparks political row:** A purported video of the incident, which surfaced on social media, showed Lodhi using objectionable language against the prime minister while responding to questions about PM Modi's recent appeal urging people to reduce fuel consumption and limit purchases of gold and other imports.

As per PTI, the Hamirpur-Mahoba MP used an expletive against PM Modi and called him a "desh-virodhi (anti-national)" prime minister. He also questioned the prime minister's foreign visits and said the country had never seen such a leader before.

During the interaction with reporters after submitting the memorandum, Lodhi warned that the government would have to "face consequences" if the protesters' demands were not met.

**BJP leaders condemn comments:** The remarks triggered strong reactions from BJP leaders, including Uttar Pradesh chief minister Yogi Adityanath, who termed the comments an "insult" to democratic values. "The unparliamentary remark made by an MP against Prime Minister Narendra Modi is not only objectionable and unforgivable, but also a serious blow to democratic decorum," Adityanath said in a post on X.

# Himachal to make chitta test must for all govt jobs



**New Delhi, Agency:** Himachal Pradesh Chief Minister Sukhvinder Singh Sukhu said on Monday that as part of its crackdown against the drug menace, the state government would make it mandatory for every candidate to undergo a drug test before recruitment in any government job.

Addressing a press conference here after chairing a meeting of the Narco-Coordination Centre (NCORD), Sukhu said the state government would make the drug test mandatory not just for recruitment in all government departments but also for students seeking admission to professional colleges.



# 'Whenever India faced war or ...': PM Modi urges citizens to fulfil responsibility amid Middle East crisis

**New Delhi, Agency:** Prime Minister Narendra Modi on Monday once again called for collective national efforts to reduce dependence on imports and strengthen India's position in global supply chains, while urging citizens to avoid unnecessary spending of foreign currency during a period of global uncertainty.

Speaking in Vadodara amid concerns over disruptions caused by the ongoing conflict in the Middle East and volatility in global energy markets, the Prime Minister said India was continuously working to emerge as a major participant in international supply chains.

"We are continuously working to make India a major participant in global supply chains," PM Modi said, stressing that the country must use the present challenges as an opportunity to strengthen self-reliance and domestic manufacturing capabilities.

# Venugopal, Satheesan or Chennithala? Congress high command steps in as Kerala CM race hits deadlock








**New Delhi, Agency:** Over a week after the Congress-led United Democratic Front (UDF) secured a clear mandate in Kerala, the alliance is still unable to finalise its chief ministerial face, amid an ongoing tussle between senior leaders over the top post.

According to PTI sources, Congress top leadership Rahul Gandhi and Mallikarjun Kharge are expected to take the final decision on the Kerala chief minister. The party high command will on Tuesday seek the views of former KPCC presidents and working presidents before arriving at a conclusion. Senior leaders who have been called to Delhi include former KPCC presidents V M Sudheeran, Mullappally Ramachandran, K Muraleedharan, K Sudhakaran and M M Hassan.

The party has also asked senior MLA Thiruvanchoor Radhakrishnan, along with working presidents P C Vishnunath, Shafi Parambil and A P Anil Kumar, to participate in the discussions.

Talks will be held on Tuesday, and a final decision is expected soon, party sources said.

# Congress calls ex-chiefs of Kerala unit to brainstorm on next CM



**New Delhi, Agency:** Congress Monday enlarged the consultation process to finalise the new chief minister of Kerala, amid growing suspense in the wake of a tussle for the top job between AICC general secretary K C Venugopal and leader of opposition V D Satheesan.The party has called former state presidents - K Sudhakaran, K Muraleedharan, V M Sudheeran, M M Hassan - and some other state leaders for discussions with Congress president Mallikarjun Kharge and Rahul Gandhi Tuesday.

The top brass will speak to another former state chief Mullapally Ramachandran over the phone as he is unable to come to Delhi. It is assumed that Wayanad MP Priyanka Gandhi Vadra has also given her views on the subject, as also veteran AK Antony.

The heightened anticipation is accompanied by speculations that Venugopal is likely to get the Kerala assignment.

# Suvendu govt appoints Bengal top poll officer Manoj Kumar Agarwal as chief secretary



**New Delhi, Agency:** West Bengal government on Monday appointed chief electoral officer (CEO) Manoj Kumar Agarwal, who was top official in a the state responsible for overseeing and conducting elections, chief secreatary of the Suvendu-led dispensation. The chief secretary is the top bureaucrat of a state government and the senior-most IAS officer, responsible for coordinating all departments and advising the chief minister.

Forty-eight hours after he was relieved by the election commission as the special observer on May 7, Gupta was already appointed adviser to chief minister Suvendu Adhikari on Saturday. The appointment order came within hours after Adhikari took oath as CM at a ceremony at Brigade Parade Grounds. The state also appointed IAS officer Shantanu Bala as the CM's private secretary. Bala, a 2017-batch IAS officer, earlier served as additional district magistrate of South 24 Parganas.

The notification on appointing Gupta, issued from Nabanna, stated that the appointment was made "in the interest of public service" and will remain effective until further orders. On Gupta's appointment, CM Adhikari said, "In the earlier govt, efficient and impartial officers were not given any work and had to leave the state (for central deputation). We want to give these efficient officers a chance to work for people.

# INICET aspirants flag portal crash, far-off exam centres




**New Delhi, Agency:** Thousands of postgraduate medical aspirants appearing for the May 2026 Institute of National Importance Combined Entrance Test (INI-CET) have flagged delayed admit card access and allotment of exam centres hundreds of kilometres away, barely a week before the May 16 examination.

The AIIMS Delhi-conducted exam released admit cards around 3 pm on May 9, but candidates alleged the website slowed down or crashed soon after, preventing many from downloading hall tickets for nearly 9-10 hours. Several students said they could access the portal only after midnight, triggering a flood of complaints on social media.

"You charge ?4,000 for the application form and the website still crashed for hours," tweeted Dr Aman Kumar (@manish__aman).

According to AIIMS officials, heavy traffic from simultaneous logins temporarily slowed the portal. "If one lakh people access any website at the same time, it can slow down or crash. This happens with many exams, including NEET. The site is now working fine and candidates have been able to download admit cards," officials said.

Candidates also flagged allotment of distant exam centres. Aspirants from large states such as Uttar Pradesh, Maharashtra and Rajasthan said they were allotted centres 500-800 km away because INI-CET collected only state-wise, not city-wise, preferences during registration.

An Agra-based candidate said she was allotted Varanasi, around 650 km away, while a Mumbai aspirant claimed she received Nanded as her centre, increasing travel costs and logistical difficulties. Students said travelling within states like UP and Rajasthan itself can take 12-24 hours, while the seven-day gap between admit card release and the exam leaves little time for confirmed train or flight bookings.

"There are hundreds of such cases," a candidate said, urging AIIMS to review the centre allocation process.

On complaints regarding distant centres, AIIMS officials said allotments depend on seat availability and preference patterns, adding that candidates are asked to fill state-wise rather than city-wise preferences to prevent possible malpractice in centre allocation. "The effort is always to allot the closest possible centre, but in large states such as Uttar Pradesh, Rajasthan and Maharashtra, some candidates may still get centres 500-800 km away if nearby seats are already filled," officials said.